जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, बुधवार 17 अप्रेल, 2024

संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु QR Code को स्कैन करें

## भाजपा का संकल्प
## मोदी की गारंटी
### संकल्प पत्र - 2024

### गरीब की सेवा
- अगले 5 वर्षों तक मुफ्त राशन जारी रहेगा
- दाल, खाद्य तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित करेंगे
- हर घर तक नल से पीने का साफ पानी पहुंचेगा और पीएम सूर्य घर योजना से बिजली का बिल होगा जीरो

### किसान का सम्मान
- पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जारी रहेगी
- MSP में समयबद्ध वृद्धि करना हमारी प्रतिबद्धता है, बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाएंगे
- श्री-अन्न (Millets) को सुपर फूड की तरह स्थापित करेंगे, पीएम मत्स्य संपदा योजना और डेयरी सहकारी समितियों का विस्तार करेंगे

### नारी-शक्ति का वंदन
- 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे
- गृहिणी की रसोई तक पाइप से गैस पहुंचाएंगे, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और शिशुगृह की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वयं सहायता समूहों को सर्विस सेक्टर से जोड़कर आय के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेंगे

### मध्यम वर्ग के साथ
- मध्यम वर्गीय परिवार के अपने घर का सपना होगा पूरा
- अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं सेकेंडरी स्वास्थ्य संस्थानों में सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, नए शिक्षण संस्थान और जीवन आसान बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करेंगे

### निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर
- युवाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई-वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के माध्यम से लाखों रोजगार के अवसर पैदा करेंगे
- रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण की राशि को दोगुनी कर ₹20 लाख करेंगे
- पेपर लीक कानून लागू करके सरकारी भर्तियों को पारदर्शी बनाएंगे, उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना करेंगे

### सुशासन से समृद्ध भारत
- हम भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गारंटी देते हैं
- हम भारतीय न्याय संहिता को लागू करेंगे
- हम एक देश - एक चुनाव और कॉमन मतदाता सूची की व्यवस्था लाएंगे
- संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू करेंगे

### श्रमिक को सशक्त
- ट्रक ड्राइवरों के लिए नई योजना शुरू करके हाई-वे पर उनके लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करेंगे
- गिग वर्कर, घरेलू कामकाजी श्रमिक, रेहड़ी पटरी श्रमिक सहित अन्य श्रमिक वर्ग को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सशक्त करेंगे

### मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनेंगे
- भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाएंगे इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे
- स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, रेलवे, रक्षा, फार्मास्युटिकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, मोबाइल, सेमीकंडक्टर सहित अनेक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की गारंटी देते हैं

### वंचित को वरीयता
- पीएम स्वनिधि और विश्वकर्मा योजना का विस्तार कर OBC, SC और ST समुदाय के लिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करेंगे
- वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति सुनिश्चित करेंगे
- मछुआरों के जीवन से जुड़ी हर बात जैसे नाव का बीमा, मछली प्रसंस्करण इकाई, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी इत्यादि पर विशेष ध्यान देंगे

### विरासत और विकास
- अयोध्या नगरी का सर्वांगीण विकास करेंगे, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों का विकास करेंगे
- योग, आयुर्वेद, भारतीय भाषाओं, शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्वभर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना करेंगे

### इन्फ्रास्ट्रक्चर से सुदृढ़ अर्थव्यवस्था
- भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे
- एक्सप्रेस-वे नेटवर्क को 15 हजार किमी तक विस्तारित करने के साथ-साथ हम नये एयरपोर्ट, राजमार्ग, वाटर मेट्रो की सुविधाओं को बढ़ाएंगे
- रेलवे में नई पटरियां, नई वन्दे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों को बढ़ायेंगे और विश्वस्तरीय स्टेशन बनायेंगे, रेल टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करेंगे
- पूर्वी भारत और उसके तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक समर्पित पूर्वोदय मास्टर प्लान तैयार करेंगे

### वरिष्ठ नागरिक
- वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत शामिल कर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देंगे
- वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेंगे

फिर एक बार
मोदी सरकार

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

Published by: Bharatiya Janata Party, 6 A, Pandit Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi

## विचार बिन्दु

कहानी जहाँ खत्म होती है, जीवन वहीं से शुरू होता है। –संजीव

# हाथ में हो या डिजिटल डिवाइस पर, किताबें रहेंगी पाठक रहेंगे!

एक अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कागजी किताबों, इलेक्ट्रॉनिक किताबों और ऑडियो बुक्स के पाठक साल 2030 तक अपने पसंदीदा साहित्य पर करीब 174 अरब रुपये खर्च करेंगे। हर साल करीब 40 लाख नई किताबें बाजार में आ रही हैं। इसके चलते पाठकों के पास विकल्पों की भरमार है। हमारे यहां भी किताबें खूब प्रकाशित हो रही है। हाल ही में जयपुर में एक लेखिका की छह किताबों का एकसाथ लोकार्पण हुआ तो बीकानेर में भी एक अन्य लेखिका की पांच किताबों का एकसाथ विमोचन हुआ। प्रतिदिन कहीं न कहीं से किसी न किसी की किताब के लोकार्पण की खबर पढ़ने को मिल ही जाती है। कई बार तो ऐसा लगता है कि किताबें छपने का ऐसा सुनहरा दौर शायद पहले कभी नहीं रहा। जब इतनी किताबें छप कर सामने या रही हों तब यह चिंता तो जरूर दूर हो जानी चाहिए कि स्मार्टफोन के समय में किताबों का ज़माना बीत गया। हमारे यहां उन किताबों की भी कमी नहीं जो लेखक अपनी जेब से खर्च करके छपवाता है। ऐसा करके साहित्यकारों की जमात का हिस्सा बनने की ललक भी कुछ लोगों में होती है। करीब 600 साल पहले योहानेस गुटेनबर्ग ने जर्मनी में प्रिंटिग प्रेस का अविष्कार किया तब से दुनिया भर में बड़ी मात्रा में किताबें छपी हैं। गूगल के एक अध्ययन के मुताबिक, साल 1440 में प्रिंटिग प्रेस के अविष्कार से लेकर 2010 के बीच करीब 13 करोड़ हार्ड–बाउन्ड किताबें प्रकाशित हुईं। किताबों के जरिए जो ज्ञान लोगों तक पहुंचा वह मानवता के लिए वरदान ही साबित हुआ। लेकिन, पर्यावरणविदों की शिकायत है कि किताबें जिस कागज पर छपती हैं उसे बनाने के लिए बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाते हैं। जंगल के पेड़ वन्यजीवों के मददगार ही नहीं होते बल्कि हवा को भी स्वच्छ करते हैं और जलवायु परिवर्तन की वजह बन रहे कार्बन को थामने में सहायता करते हैं। ब्रिटेन की किताबें छापने वाली एक बड़ी कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस, जो हर साल लगभग 15 हजार किताबें प्रकाशित करती है, का दावा है कि अब वह अपनी किताबें छापने के लिए पर्यावरण मित्र कागज का इस्तेमाल कर रही है। उसकी एक अधिकारी बताती है कि उनकी किताबों में इस्तेमाल होने वाला सौ फीसदी कागज फॉरेस्ट स्टीवर्डशिप काउंसिल (एफएससी) से प्रमाणित है। यह काउंसिल टिकाऊ या दोबारा उग सकने वाली लकड़ी के पेड़ों की पैदावार का प्रबंधन करने का दावा करती है। मगर दूसरी तरफ कुछ विशेषज्ञ इस दावे को व्यावसायिक प्रचार कह कर खारिज करते हैं। ग्रीनपीस जैसे पर्यावरण समूह ने इस प्रकाशन संस्था पर ग्रीनवॉशिंग का आरोप लगाया है। ग्रीनवॉशिंग का अर्थ है किसी उत्पाद या सेवा के पर्यावरणीय फायदों के बारे में झूठे और भ्रामक बयान दिए जाना। प्रकाशन जगत के लोगों का कहना है कि उनके उद्योग से जलवायु पर होने वाले प्रभाव का 70 फीसदी से अधिक प्रभाव प्रिंटरों और पेपर मिलों की वजह से होता है। पेंगुइन रैंडम हाउस की अधिकारी का कहना है कि उनकी एक औसत किताब छपने की प्रक्रिया में 330 ग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड पैदा होती है। इसमें ग्रीनहाउस गैसें भी शामिल हैं। यह एक कप कॉफी बनाने में पैदा होने वाले कार्बन जितना है। इस आंकड़े में एक किताब के छपने से लेकर उसके ग्राहक तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया शामिल है। इसमें मशीनों की कार्य कुशलता, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और स्याही की किस्मों की भी गणना की गई है। इसकी तुलना में अन्य प्रकाशकों की एक औसत पेपरबैक किताब जलवायु को तीन गुना अधिक प्रभावित करती है। यह करीब एक किलोग्राम कार्बन डाई आक्साइड और दूसरी ग्रीनहाउस गैस पैदा करती है। यह 122 स्मार्टफोन को चार्ज करने और दो कप कॉफी बनाने के बराबर है। किताबों के डेटा विश्लेषकों के अनुसार कागज निर्माण में आए नवाचारों ने किताब छपने से पैदा होने वाले कार्बन फुटप्रिंट को कुछ कम तो किया है लेकिन अब भी जलवायु पर उसका असर काफी ज्यादा है क्योंकि हर साल दुनिया भर में किताबों की लगभग 220 करोड़ कॉपियां बिकती हैं। अगर मान लिया जाए कि हर किताब से 330 ग्राम कार्बन डाई आक्साइड और दूसरी गैसें निकलती हैं, तो इस हिसाब से हर साल किताबों की वजह से सात लाख टन से ज्यादा कार्बन डाई आक्साइड पैदा होती है। यह करीब डेढ़ लाख घरों को साल भर बिजली देने के बराबर है या, डेढ़ लाख गाड़ियों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन के समान है।

**नियमित तौर पर पढ़ने वालों के लिए एक ई-रीडर पर्यावरण के लिहाज से बेहतर विकल्प हो सकता है। अब हार्ड कॉपी के शौकीनों को सलाह दी जाने लगी है कि वे केवल वही किताबें खरीदें, जो वे वास्तव में पढ़ेंगे। यह भी सलाह दी जाती है कि किताबें पढ़ने के बाद उन्हें रिसाइक्लिंग के लिए भेज दी जाए।**

फिर क्यों इतनी पुस्तकें छाप कर यह नुकसान किया जाय और क्यों नहीं किताबों को कागज से अलग करने की कोशिश की जाए? नई पीढ़ी में किताबें डिजिटल रूप में पड़ने की प्रवत्ति बढ़ रही है। यहां तक कि अब स्कूलों के बच्चे भी डिजिटल उपकरणों पर अपने पूरक पाठ पढ़ते हैं। फिर क्यों नहीं किताबें कागज पर कम और इलेक्ट्रॉनिक रीडिंग डिवाइस अधिक पढ़ी जाए। इस डिवाइस का यह फायदा भी है कि इसमें हजारों किताबें आ सकती हैं। इससे ना सिर्फ जंगल बचते हैं, बल्कि लकड़ी से कागज बनाने में लगने वाली ऊर्जा भी बच जाती है। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक किताबों को आसानी से किसी भी डिवाइस में क्षण भर में स्थानांतरित किया जा सकता है। ई–रीडर के बाजार में अमेजन डॉट कॉम सबसे बड़ा खिलाड़ी है जो अपने किंडल एप्प पर पढ़ने के जरिए हर साल करीब 48.7 करोड़ ई–बुक्स बेचता है। अमेजन के अनुसार हर महीने दुनिया भर में करीब 50 लाख लोग किंडल ऐप या डिजिटल डिवाइस पर किताबें पढ़ते हैं। यह तथ्य है कि हाल के वर्षों में युवा पाठकों में ई–बुक्स की लोकप्रियता बढ़ी है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में 2027 तक ई–बुक्स पाठकों की संख्या 110 करोड़ तक पहुंच सकती है। मगर क्या इससे पर्यावरण और जलवायु से संबंधित फायदे होंगे? डिजिटल उपकरणों के अपने कुछ नुकसान हैं। इनके उत्पादन में बहुत ज्यादा पानी और ऊर्जा का इस्तेमाल होता है। इनकी बैटरी बनाने के लिए कॉपर, लिथियम और कोबाल्ट जैसी दुर्लभ धातुओं और खनिजों का खनन होता है। ये उपकरण आमतौर पर प्लास्टिक से बने होते हैं, जो जीवाश्म ईंधन से प्राप्त होता है। किताबों की भांति यहां भी उनके उत्पादन चरण जलवायु सबसे ज्यादा प्रभाव करने के लिए जिम्मेदार है। ई–रीडर को इस्तेमाल करने के लिए उन्हें नियमित अंतराल पर चार्ज करना पड़ता है। कागज की किताबों के साथ यह समस्या नहीं होती। उनके लिए इंटरनेट कनेक्शन और चार्जिंग की जरूरत नहीं होती। किसी किताब की हार्ड कॉपी दशकों तक चल सकती हैं और कई लोगों के साथ साझा की जा सकती हैं। दूसरी तरफ, एक ई–रीडर तीन से पांच साल तक ही चलता है। किताबों का निस्तारण करना और रिसाइकल करना भी उतना जटिल नहीं होता। हालांकि, अमेजन जैसी कुछ कंपनियां अपने उपकरणों के लिए रिसाइक्लिंग कार्यक्रम चलाने लगी हैं, जिससे ई–कचरा ना बढ़े।

जापानी अध्येताओं का कहना है कि भौतिक और डिजिटल दोनों ही तरह की किताबों का पर्यावरणीय प्रभाव जटिल है। उन्होंने 2017 में पारंपरिक किताबों और ई–रीडर पर पढ़ने से होने वाले ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर एक तुलनात्मक अध्ययन किया जिसमें उन्होंने पाया कि अगर डिजिटल डिवाइस पर तीन साल के भीतर 15 या उससे ज्यादा किताबें पढ़ी जाएं, तो ई–रीडर जलवायु के लिए ज्यादा बेहतर साबित होता है। हालांकि, आईपैड के मामले में तीन सालों में 25 किताबें पढ़नी होंगी। इसका मतलब है कि किंडल पर साल में एक या दो किताबें पढ़ने से उत्सर्जन में ज्यादा कमी नहीं होगी। लेकिन जब पाठक दोनों ही माध्यमों से पढ़ेंगे तो क्या होगा? अध्यायनकर्ताओं का मानना हैं कि बहुत से लोग अब भी कागज की किताबें पढ़ना चाहते हैं, भले ही वे कुछ ई–बुक्स भी पढ़ते हों। लगभग 33 फीसदी अमेरिकी पाठक इसी श्रेणी में आते हैं। नियमित तौर पर पढ़ने वालों के लिए एक ई–रीडर पर्यावरण के लिहाज से बेहतर विकल्प हो सकता है। अब हार्ड कॉपी के शौकीनों को सलाह दी जाने लगी है कि वे केवल वही किताबें खरीदें, जो वे वास्तव में पढ़ेंगे। यह भी सलाह दी जाती है कि किताबें पढ़ने के बाद उन्हें रिसाइक्लिंग के लिए भेज दी जाए। मगर बहुत से लोग इसे किताबों के प्रकाशकों का अपने माल की बिक्री बढ़ाने का उद्यम करार देते हैं। उनके उद्यम में किस तरह की किताबें उनके लिए मुनाफे वाली साबित होती हैं जैसे सवाल के जवाब में बाजार में किताबों की बिक्री पर निगाह रखने वाले बताते हैं कि सेल्फ–हेल्प किताबों की बिक्री सबसे अधिक होती है। हमारे दैनिक जीवन के हर पहलू पर सलाह देने वाली किताबें बाज़ार में मिल जायेगी। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली किताबें सबसे बोल्ड दावे करती हैं। सेल्फ–हेल्प पुस्तकों की प्रभावशीलता को अक्सर बढ़ा–चढ़ाकर पेश किए जाने की आलोचना की जाती है, मगर उनकी तासीर कुछ ऐसी होती है कि कोई यदि ऐसी किसी किताब को हाथ में उठा ले तो वह उसके पन्ने पलटते ही चला जाता है। पुस्तक प्रकाशन का उद्योग भी विपणन और प्रचार पर चलता है। ठीक से विपणन और प्रचार न हो तो पुस्तकों के रद्दी में परिवर्तित होने में देर नहीं लगती। तो क्या डिजिटल किताबें लक्षित लोगों तक पहुंचती है और हमें जंगलों और गर्म होती धरती को बचाने के लिए कागजी किताबों की बजाय ई–बुक्स पढ़ना शुरू कर देना चाहिए? जवाब आसान नहीं है क्योंकि डिजिटल किताबें जंगलों को तो बचाती हैं, लेकिन जहरीला इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी पैदा करती हैं। कुछ भी हो हाथ में हो या डिवाइस पर, किताबें रहेंगी और उनके पाठक भी रहेंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# प्रधानमंत्रीजी के चुनावी भाषणों से राजस्थानी भाषा मान्यता की उम्मीद बनती है



राजेन्द्र जोशी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी भाषा पर भरोसा करें तो लोकसभा चुनाव के बाद राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की उम्मीद दिखाई दे रही है। पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान की चुनावी सभाओं में राजस्थानी कहावतें एवं भाषा का खूब प्रयोग कर रहे हैं।

चुनावी सभाओं के दौरान जिस उत्साह से प्रधानमंत्री स्थानीय लोक देवताओं की जयजयकार के साथ राजस्थान के शूरवीरों की धरती को प्रणाम कर रहे है। प्रधानमंत्री मोदी को स्थानीय नेताओं ने लोक भाषा एवं लोक रंग में रंगने का आग्रह किया होगा, जिसको उन्होंने स्वीकार करते हुए चुनावी भाषा के साथ–साथ राजस्थानी भाषा से अपनापन दिखाने का प्रयास भी किया है । बाड़मेर की चुनावी सभा में उन्होंने यह कहा था की भाषा एवं धर्म के नाम पर पिछली कांग्रेस की सरकारें लोगो को बांटती रही । इससे यह उम्मीद बन सकती है कि जिस भाषा के नाम पर छलावा होता रहा शायद नरेन्द्र मोदी अब उस राजस्थानी भाषा के नाम पर छलावा नहीं होने देंगे। लम्बे समय से राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए आंदोलन होता रहा है। प्रधानमन्त्री जी के प्रत्येक वाक्य का अर्थ होता है वह बार–बार कहते रहे हैं कि समस्याओं को लम्बित रखकर कांग्रेस सरकार ने उलझा कर रखा। हम भी पिछली सभी सरकारों से राजस्थानी भाषा की मान्यता की मांग करते रहे जिसका समाधान किसी भी सरकार ने नहीं किया।

उन्होंने जब भाषा की बात की तो हमको थोड़ी उम्मीद बनती है कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि भाषा और धर्म के नाम पर छलावा हुआ। राजस्थानी भाषा की मान्यता का समाधान भी नहीं हुआ यह बात हमारे स्थानीय सांसदों को प्रधानमंत्री जी को स्पष्ट करनी चाहिए।

राजस्थानी भाषा को किसी भी सरकार ने संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया। राजस्थान से नरेन्द्र मोदी को प्यार है और वह राजस्थान के नेताओं पर भरोसा भी खूब करते है इसका उदाहरण हमारे सामने है कि पिछले लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष राजस्थान के कोटा से आते है और राज्यसभा सभापति के रूप में भी राजस्थान के नेता को उन्होंने यह अवसर दिया। फिर वह जब यह कहते हैं कि हम भाषा और धर्म के नाम पर छलावा नहीं होने देंगे। ऐसे में राजस्थान के नवनिर्वाचित होने वाले उन पच्चीस लोकसभा सदस्यों की जिम्मेदारी बनती है कि वें आने वाली संसद में राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु हमारी मांग प्रधानमन्त्री जी को करेंगे। राजस्थान के नवनिर्वाचित सांसदों से उम्मीद की जाती हे कि नरेन्द्र मोदी जी को यह जरुर आग्रह करेंगे की राजस्थान की मीठी और अपनापन लिए हुए राजस्थानी भाषा है। खुद प्रधानमंत्री जी भी चुनावी सभा में राजस्थानी लोकोक्तियां, राजस्थानी शब्दों, राजस्थानी कहावतें एवं राजस्थानी भाषा में संवाद कर रहे है ।

**–राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद–साहित्यकार**
**लेखक**
**हिन्दी–राजस्थानी भाषा के लेखक है।**


# निवाई कृषि मण्डी में सौंफ की आठ हजार बोरी बिकने आई

## व्यापारियों ने बताया कि मंडी में सौंफ के भाव 8 हजार से 11 हजार 500 रूपए रहे हैं

**निवाई, (निसं)।** कृषि मण्डी में इन दिनों नई सौंफ की आवक बढ़ गई है। जिससे मंडी परिसर सौंफ के ढेरों की सुगन्ध से महकने लगा है। मण्डी में जगह–जगह सौंफ के ढेर लगे हुए हैं। व्यापारियों ने सौंफ की बोली लगाकर खरीद की।

- **मण्डी में सरसों, चना, गैहूं व जौ सहित कई जिंसें भी बिकने के लिए आ रही है**

मण्डी व्यापारी शिवप्रकाश पारीक ने बताया कि मण्डी में सौंफ गंगापुर, बौंली, लालसोट, सपोटरा, गंगवाडा, उमर गांव, भरचून सहित कई क्षेत्र से सौंफ आ रही है। मण्डी में करीब आठ हजार से अधिक सौंफ की बोरियां बिकने के लिए आई है। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में सौंफ के भाव 8 हजार से 11 हजार 500 रूपए रहे हैं। सरसों की बम्पर आवक के बाद अब मंडी में सौंफ की आवक बढ़ने से एक और मंडी की आय में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं मंडी में रौनक बनी हुई है। उन्होंने बताया कि मण्डी में सरसों, चना, गैहूं व जौ सहित कई जिन्से भी बिकने आ रही है। सौंफ की खरीद में अमित कटारिया, व्यापारी सुशील कोलाडा, संजय कठमाणा, अमित धामाणी, गिर्राज मौठूका, पप्पू कठमाणा, अखिल कटारिया, कपिल खण्डेलवाल, राजेन्द्र चौधरी कमल पहाडी, पदम सेदरिया, योगेश जैन, बन्टू जगतपुरा, राजेन्द्र टोडवाल, बन्टी कठमाणा सहित अनेक व्यापारी लगे रहे।



निवाई कृषि उपज मण्डी में नई सौंफ की व्यापारियों ने बोली लगाई।

# ग्रामीणों ने पत्थरों से पीट-पीटकर लेपर्ड को मारा

## वन विभाग की टीम लेपर्ड का शव सागवाड़ा वन विभाग के ऑफिस ले आई

**डूंगरपुर, (निसं)।** तालाब से नहाकर लौट रहे युवक को लेपर्ड ने हमला कर घायल कर दिया। बदले में गुस्साएं ग्रामीणों ने पत्थरों से पीट–पीटकर खाई में गिरे लेपर्ड की हत्या कर दी। वन विभाग की टीम अंतिम संस्कार के लिए लेपर्ड का शव सागवाडा वन विभाग के ऑफिस ले आई। घटना सागवाडा और धंबोला वन क्षेत्र के बॉर्डर पर मेवडा गांव का है।

- **तालाब से नहाकर लौट रहे युवक पर लेपर्ड ने हमला कर घायल कर दिया था**

मेवड़ा दरबार घाटी निवासी जयंतीलाल पुत्र कमलाशंकर मंगलवार सुबह करीब साढे आठ बजे तालाब पर नहाने गया था। नहाने के बाद जब वह वापस घर लौट रहा था। उसी समय पास की एक खाई में छिपे लेपर्ड ने उस पर हमला कर दिया। जिससे युवक घायल हो गया। हमले के बाद लेपर्ड फिर से खाई की ओर चला गया। युवक के चिल्लाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खाई में गिरे लेपर्ड पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। जिससे लेपर्ड की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डूंगरपुर डीएफ ओ रंगास्वामी और धंबोला रेंजर नरेश ननोमा और वन विभाग की अन्य टीम मौके पर पहुंची। टीम ने लेपर्ड के शव को खाई से बाहर निकाला और अपने साथ सागवाड़ा वन विभाग के ऑफिस ले आई। वन विभाग ने पशु चिकित्सकों को बुलाया है। जिनसे शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार किया जायेगा। मृत लेपर्ड मादा थी और दो माह की थी। वन विभाग मामले की जांच में जुटा है। इससे पहले फरवरी माह में वरदा वन क्षेत्र में भी ग्रामीणों ने एक लेपर्ड को घेरकर मार दिया था।



वन विभाग की टीम अंतिम संस्कार के लिए लेपर्ड के शव को सागवाडा वन विभाग के ऑफिस ले गई।

# भारत से इटली तक साइकिल यात्रा पर निकले लिली व एरे

**उदयपुर, (कासं)।** भारत एक वृहद जैव विविधता वाला देश है। पर्यावरण की रक्षा तथा वनस्पतियों व जीवों के प्रति प्रेम यंहा की संस्कृति रही है। लेकिन विकास के नाम पर प्रकृति पर हो रहा आघात पीड़ादायी है। युवा वर्ग को प्रकृति अनुकूल जीवनशैली अपनाकर अपने कार्बन फुटप्रिंट को न्यूनतम करना चाहिए तथा पर्यावरण को समृद्ध बनाना चाहिए। यह विचार तमिलनाडु से इटली तक साइकिल यात्रा पर निकले लिली व एरे ने विद्या भवन पॉलिटेक्निक में आयोजित युवा पर्यावरण संवाद में व्यक्त किए। संवाद पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, ग्रीन पीपल सोसायटी तथा सक्षम संस्थान के साझे में आयोजित हुआ। उल्लेखनीय है कि जर्मन मूल की तथा अपनी तीन वर्ष की उम्र से तमिलनाडु में रह रही लिली तथा इटली मूल के एरे अपने देशी प्रजाति के श्वान स्नूक के साथ तेरह हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकले हैं। वे लोगों को प्रकृति अनुकूल भवन निर्माण, देशी प्रजातियों को बचाने, प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का संदेश देते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान जा रहे हैं। संवाद में ग्रीन पीपल सोसायटी के सुहेल मजबूर तथा डॉ. ललित जोशी ने कहा कि युवा वर्ग स्वयं में प्रकृति सेवा का भाव विकसित करें। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. अनिल मेहता ने उदयपुर की प्रकृति संरक्षण संस्कृति पर प्रकाश डाला।



लिली व एरे।

- **लोगों को प्रकृति अनुकूल भवन निर्माण, देशी प्रजातियों को बचाने, प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का संदेश देंगे**
- **जर्मन मूल की तथा तमिलनाडु में रह रही लिली तथा इटली मूल के हैं एरे**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 17 अप्रेल, 2024

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, आश्लेषा नक्षत्र गुरूवार प्रातः 7:57 तक, शूल योग रात्रि 11:50 तक, कौलव करण दिन 3:15 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–कुम्भ, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन–रात है। ज्वालामुखी योग दिन 3:15 से आरम्भ होगा। आज श्री रामनवती है, बसन्त नवरात्रा पूर्ण होंगे। आज स्वामी नारायण जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:16 तक, शुभ 10:51 से 12:26 तक, चर 3:37 से 5:13 तक, लाभ 5:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:05, सूर्यास्त 6:48

**मेष**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में शुभ–मांगलिक और धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज रचनात्मक कार्यों में समय व्यतीत होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 183 प्रभात कोटा, बुधवार 17 अप्रेल, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



संरक्षणविदों की एक टीम ने, युनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समथ के नेतृत्व में, स्थानीय लोगों की जानकारी की मदद से कैन्टॉर्स जायंट सॉफ्टशैल टर्टल (पैलोचेलीस कैन्टोरी) के प्रजनन स्थल को खोजने में सफलता पाई है। दक्षिण तथा दक्षिणपूर्व एशिया की नदियों में रहने वाले ये फ्रैशवॉटर टर्टल, इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कन्ज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) की रैड लिस्ट में गंभीर रुप से संकटग्रस्त जानवरों की श्रेणी में वर्गीकृत हैं, जिनकी संख्या गिरती जा रही है। लेकिन अब टीम ने दक्षिण भारत में केरल की चंद्रगिरी नदी के तट पर इस दुर्लभ टर्टल को खोज निकाला है। युनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समथ के एक प्रवक्ता ने कहा, ''दुर्लभता और रहस्यमय स्वभाव के लिए जानी जाने वाली इस प्रजाति ने संरक्षणविदों को लंबे समय से बहुत आकर्षित किया है। आवास विनाश के कारण ये जीव अपने अधिकतर परिवेश से गायब हो गए हैं। स्थानीय लोग मांस के लिए इनका बहुत अधिक शिकार करते हैं और मछली के लिए डाले गए जाल में फंसने पर मछुआरे इन्हें मार डालते हैं।'' टीम का कहना है कि, स्थानीय गांववालों से बात करके टीम ने बहुत व्यवस्थित तरीके से इनकी साइटिंग के प्रमाण इकट्ठे किए और संरक्षण कार्य में स्थानीय समुदायों को भी शामिल किया। इसके परिणामस्वरुप पहली बार प्रजनन कर रही मादा टर्टल के बारे में लिखित प्रमाण तैयार किए गए तथा उन घोंसलों से अंडों को बचाया जा सका जहाँ पानी भर गया था। बाद में टर्टल शिशुओं को नदी में छोड़ दिया गया। ''ऑरिक्स'' जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन की लेखक डा. फ्रांसुआज़ कबादा ब्लांको ने कहा, ''भारत की जैवविविधता की पृष्ठभूमि में, सालों तक कैन्टोर टर्टल की मौजूदगी एक फुसफुसाहट के समान रही है, इनकी साइटिंग इतनी दुर्लभ है कि, लगता है मानो भूतकाल के किसी जीव की बात हो रही है। इनको ढूंढने के पारंपरिक तरीके फेल होने के बाद टीम ने स्थानीय लोगों से बातचीत शुरु की। इन लोगों ने ना केवल ऐतिहासिक साइटिंग्स की कहानियाँ बताईं बल्कि वर्तमान में ये कहाँ हो सकते हैं इसके बारे में सुराग दिए और जालों में फंसे टर्टल्स को वापस नदी में छोड़ने में मदद की।

# हरियाणा में कांग्रेस की आपसी लड़ाई सोनिया गांधी के दरबार में पहुंची

## लड़ाई एस.आर.के. (शैलजा, सुरजेवाला व किरण चौधरी) व हूडा के बीच है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। हरियाणा कांग्रेस इकाईं की भारी अन्तर्कलह सोनिया गांधी के दरबार में पहुंच गई है। अन्तर्कलह हूडा बनाम एस.आर.के. के बीच है। एस.आर.के. यानि सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी। पहले चरण का मतदान 19 अप्रेल को होने वाला है पर हरियाणा में अभी तक कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी ही तय नहीं किए हैं।

किरण चौधरी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात और शिकायत की कि उनकी बेटी श्रुति चौधरी को टिकट नहीं दिया जा रहा है। पूर्व सांसद श्रुति चौधरी विख्यात चौधरी बंसीलाल परिवार से है।

- मुद्दा है, किरण चौधरी की पुत्री श्रुति चौधरी को भिवानी से पार्टी का टिकट नहीं मिलना। वे भिवानी से सांसद रह चुकी हैं तथा बंसीलाल परिवार की महिला हैं और बंसीवाल का परिवार भिवानी को अपनी पुश्तैनी सीट मानता है।
- टिकट नहीं मिलने का कारण है, राहुल गांधी के उम्मीदवार, कांग्रेस के प्रत्याशी अजय माकन की राज्यसभा चुनाव में हार। इस हार के लिये किरण चौधरी को जिम्मेवार माना जाता है तथा किरण चौधरी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की तलवार लटकी हुई है, हालांकि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।
- पर, वर्तमान परिस्थिति में ए.आई.सी. सी. के दोनों महासचिव, सुरजेवाला व शैलजा, किरण चौधरी के साथ गुट बनाकर खड़ी हैं कि, भिवानी का टिकट श्रुति चौधरी को ही दिया जाये। गुट ने भारी हिम्मत दिखाकर हूडा के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है, हरियाणा की राजनीति में हूडा की मोनोपोली तोड़ने के लिये।
- सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी भिवानी की सीट पर उत्पन्न गतिरोध तोड़ने में अक्षम रही है, अतः मामला सुलझाने का काम सोनिया गांधी पर ही छोड़ा गया है और आशा है कि, सोनिया गांधी शीघ्र निर्णय लेंगी, क्योंकि हरियाणा में मतदान 25 मई को है।

मुद्दा यहां राज्यसभा चुनाव में अजय माकन की हार का है जिसके लिए किरण चौधरी पर आरोप लगाया जा रहा है कि हो माकन की हार की जिम्मेवार है जबकि माकन राहुल गांधी के प्रत्याशी थे। तब किरण पर कोई एक्शन नहीं हुआ था और यह सिर्फ कांग्रेस में ही हो सकता है।

दो ए.आई.सी.सी. महासचिव सुरजेवाला और सैलजा चाहते हैं कि भिवानी सीट बंसीलाल के परिवार को मिलनी चाहिए। दोनों किरण चौधरी के साथ हैं और तीनों ने हूडा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, जबकि वे मानते हैं कि हरियाणा की राजनीति पूरी तरह से हूडा के कंट्रोल में है।

हरियाणा में दस लोकसभा सीटें है, इनमें से एक गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी को मिली है। बची 9 सीटों पर बात अटकी है क्योंकि प्रत्याशी के नाम पर सहमति नहीं बनी है।

मामला अब सी.ई.सी. के हाथ में नहीं है अब मामला सोनिया के पास है। समझा जाता है कि वे ही इस पर फैसला करेंगी।

# सुप्रीम कोर्ट बैलट पेपर से मतदान के पक्ष में नज़र नहीं आया

## सुप्रीम कोर्ट ने, एन.जी.ओ. के वकील प्रशांत भूषण से कहा, मतदान अगर बैलेट पेपर से कराया गया तो, मानव हस्तक्षेप बढ़ेगा मतगणना की प्रक्रिया में, जिसका अनुभव क्या रहा है, आप भी जानते हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह वोट डालने के लिए बैलट पेपर के विकल्प पर जाने के पक्ष में नहीं है, इसको लेकर कहा कि इस कार्य में मानवीय हस्तक्षेप को बढ़ाने से समस्याएं ही उत्पन्न होंगी अत: प्रचलित व्यवस्था में भरोसा ओर विश्वास बनाए रखने का आव्हान किया और कहा कि इसे नीचे नहीं गिरने दें। बुधवार को रामनवमी का अवकाश होने के कारण अब इस मामले की अगली सुनवाई गुरूवार को होगी।

एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स नामक एन.जी.ओ. की तरफ से उपस्थित वकील प्रशांत भूषण ने मतपत्रों के द्वारा वोट डालने की कवायद को पुन: शुरू करने की वकालत की,

- प्रशांत भूषण ने फिर जर्मनी का उदाहरण देते हुए कहा कि, जर्मनी ने ई.वी.एम. से मतदान की प्रक्रिया छोड़ कर फिर बैलेट पेपर गिनने की प्रक्रिया अपना ली है।
- पर न्यायाधीश खन्ना व न्यायाधीश दीपांकर दत्ता प्रशांत भूषण के तर्क से सहमत नहीं हुए और कहा, जर्मनी में कुल पांच-छः करोड़ वोटर हैं, पर, हिन्दुस्तान में 97 करोड़। अतः हाथ से मतगणना की प्रक्रिया के बारे में नहीं सोचना चाहिये। हमें किसी न किसी पर तो भरोसा करना ही पड़ेगा, सिस्टम बदलना कोई अच्छा समाधान नहीं है।
- जजों ने सरकारी वकील से यह जरूर पूछा कि, अगर मतगणना के दौरान कोई धांधली सामने आयी तो क्या कोई सजा देने का प्रावधान है? अगर नहीं है तो, सख्त सजा का प्रावधान करिये, इससे धांधली करने पर रोक लगेगी।

न्यायाधीश संजीव खन्ना की बैंच जिसमें न्यायाधीश दिपांकर दत्ता भी थे, ने कहा, ''हमें 60 वर्षों का अनुभव है। हम सब जानते हैं कि जब मतपत्रों से वोट डाले जाते थे तब क्या होता था, आप भूल सकते हैं परन्तु हम उन घटनाओं को नहीं भूल सकते।''

जब भूषण ने बूथों पर कब्जे का जिक्र किया तो न्यायाधीश खन्ना ने कहा ''हम बूथों पर कब्जे की बात नहीं कर रहे, इसमें कुछ और भी बातें हैं......मानवीय हस्तक्षेप के प्रयोग से समस्याएं ही उत्पन्न होंगी।''

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि, ''सामान्यतया मानवीय हस्तक्षेप के उपयोग से समस्याएं ही खड़ी होती है, मानव में कमजोरियां हो सकती है जिसमें पक्षपात भी शामिल है। मशीन में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुरजेवाला पर प्रतिबंध

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अप्रैल। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला पर कार्यवाही करते हुए उनके चुनाव प्रचार करने पर 48 घंटे की पाबंदी लगाई है, क्योंकि सुरजेवाला ने 31 मार्च को हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ लिंगभेदी, अश्लील व अनैतिक टिप्पणी की थी।

- हेमा मालिनी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला पर दो दिन प्रचार नहीं करने का प्रतिबंध लगाया है।

आयोग ने उनकी इस टिप्पणी पर ऐतराज जताया था, सांसदों/विधायकों को जनता की आवाज़ उठाने के लिए निर्वाचित किया जाता है न कि हेमा मालिनी जैसे व्यक्ति को चाटने के लिए।

एक आदेश में आयोग के प्रधान सचिव नरेन्द्र बुटोलिया ने सुरजेवाला पर 16 अप्रैल की शाम 6 बजे से अगले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आयरलैण्ड में भारत के राजदूत को हटायें'

## कांग्रेस ने सरकार के समक्ष यह डिमाण्ड रखी। कांग्रेस का आरोप है कि, राजदूत भाजपा के पदाधिकारी की तरह काम कर रहे हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा द्वारा हाल ही में विपक्ष पर की गई आलोचनात्मक टिप्पणियों से नाराज़ कांग्रेस ने मंगलवार को उन्हें जमकर लताड़ा और कहा कि, राजदूत किसी ''पार्टी एपरैट्चिक'' (किसी राजनैतिक पार्टी के निष्ठावान सदस्य की तरह) की तरह बोल रहे थे और पार्टी ने राजदूत को ''अमर्यादित व्यवहार'' के लिए बर्खास्त कर देने की मांग की।

''आईरिश टाइम्स'' के एक संपादकीय लेख के प्रत्युत्तर में उन्होंने लिखा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ''अपने बेदाग चरित्र, सच्चाई और अभिनव, समावेशी शासन और सतत विकास का कुशल नेतृत्व करने के कारण भारत ही नहीं समूचे विश्व में अभूतपूर्व लोकप्रियता और विशिष्ट स्थान प्राप्त है।'' मिश्रा ने आगे लिखा, ''भ्रष्टाचारी व्यवस्था (जो कि 55 वर्ष के शासन, जिसमें पहले 30 वर्ष, भारत की एक वंशवादी पार्टी के कारण उत्पन्न हुई) के विरूद्ध लड़ाई, मोदी की बढ़ती हुई लोकप्रियता का मुख्य कारक है।

- राजदूत ने आइरिश टाइम्स में छपे एक लेख के जवाब में, अखबार को जो चिट्ठी लिखी, उसमें प्र.मंत्री मोदी के बारे में लिखा कि, मोदी भारत की जनता में अति लोकप्रिय हैं, केवल भारत में ही नहीं, विश्व में।
- ''मोदी का चरित्र बेदाग है। उन्होंने अपनी ईमानदारी व लीडरशिप से सबको साथ लेने की प्रक्रिया का पूर्णता अनुसरण किया है।''
- 'देश में आजादी के बाद तीस साल तक वंशवादी राजनीति के कारण, भ्रष्टाचार ने गहरी जड़ें जमा ली थी, उसको दूर करने के लिये जो संघर्ष मोदी कर रहे हैं, उससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ी है।'

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राजदूत की टिप्पणियों की निन्दा करते हुए कहा, ''भारतीय सरकार का बचाव करना एक बात है और उसकी अपेक्षा भी की जाती है, लेकिन एक पार्टी एपरैट्चिक की भांति विपक्ष पर खुलेआम हमला करना, एक राजदूत से अपेक्षित नहीं है, भले ही वह एक राजनीतिक नियुक्ति ही क्यों न हो।'' इसके बाद सोशल मीडिया एक्स पर रमेश ने कहा, ''मैं अपनी गलती मानता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लखनऊ के आदित्य ने यू.पी.एस.सी. मे टॉप किया

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता)। यूनियन पब्लिक सर्विसेज़ कमीशन (यू.पी.एस.सी.) की वर्ष 2023 की भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षा में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव को पहला स्थान हासिल हुआ है।

आयोग ने मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किये, जिसमें दूसरा स्थान अनिमेष प्रधान और तीसरा स्थान दोनुरू अनन्या रेड्डी को मिला।

- सिविल सेवा एग्जाम-2023 में दूसरा स्थान अनिमेष प्रधान और तीसरा स्थान दोनुरू अनन्या रेड्डी को मिला है।

आयोग की ओर से जारी 1016 सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है, इसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, केन्द्रीय सेवाओं और समूह क और ख की सेवाओं के लिये चयनित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता सरकार की अर्ज़ी ठुकरायी

## हाई कोर्ट ने कहा, रामनवमी के अवसर पर, शोभायात्रा निकालने पर प्रतिबंध लगाने के लिये ममता बनर्जी सरकार की अपील को स्वीकार नहीं किया जा सकता

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। संसदीय चुनावों में अब चन्द दिन ही शेष हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक और झटका दिया है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की इस याचिका को अस्वीकार कर दिया है कि हावड़ा और कोलकाता के उपनगरों में कल निकलने वाले रामनवमी के की शोभायात्राओं को प्रतिबंधित कर दिया जाए।

रामनवमी की शोभायात्राएं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) और भाजपा के बीच एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुकी है।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने अपने फैसले में टिप्पणी की है कि लोगों को अपने-अपने धार्मिक विश्वासों का अभ्यास करने और उनका पालन का अधिकार है, कोर्ट ने हालांकि रामनवमी पर निकाली जाने वाली शोभायात्राओं को लेकर कुछ शर्तें लागू की है।

राज्य में ऐसी 17 शोभायात्राएं निकाले जाने की योजना है और विभिन्न संगठन इसका आयोजन कर रहे हैं। इन संगठनों में विश्व हिन्दू परिषद और अंजनि पुत्र सेना शामिल है। हाई कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल नहीं है तो वहाँ केन्द्रीय सुरक्षा बलों को तैनात किया जाना चाहिए।

बंगाल के उत्तरी जिलों का दौरा कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सार्वजनिक रैलियों में इस मुद्दे का जिक्र किया, जबकि ममता बनर्जी ने भी मोदी के सभास्थल के समीप ही सभा की और पार्टी की आलोचना की।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में रामनवमी उत्सवों को नाकाम करने का षड़यंत्र रच रही है। पिछले वर्ष हावड़ा में आयोजित रामनवमी की कुछ शोभायात्राओं पर मुस्लिमों द्वारा हमला किया गया, जिसके बाद व्यापक हिंसा हुई थी। बाद में कलकत्ता हाई कोर्ट ने नैशनल इन्वैस्टिगेटिव एजेंसी (एन.आई.ए.) को यह जिम्मेदारी सौंपी कि वह हिंसा की जाँच कर अपनी रिपोर्ट उसे सौंपे।

- न्यायालय ने तर्क दिया कि, जनता का अधिकार है, अपनी धार्मिक मान्यताओं व सोच के अनुसार, धार्मिक समारोह आदि आयोजन करने का।
- रामनवमी पर शोभायात्रा निकलें या ना निकालें, इस मुद्दे पर भाजपा व सरकार के बीच भारी मतभेद चल रहा था तथा नाक की लड़ाई जैसी बात हो गयी थी।
- भाजपा ने 17 शोभायात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया था। हाई कोर्ट ने इन यात्राओं की अनुमति तो दे दी, पर, साथ में पाबंदी लगायी की शोभायात्रा में 200 से ज्यादा व्यक्ति नहीं होने चाहिये।

भाजपा और तृणमूल कांग्रेस, दोनों ही इस बार अल्पसंख्यक वोटर्स को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अल्पसंख्यक मतदाताओं का झुकाव ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस की तरफ रहा है, लेकिन अब लगता है कि यह वोट बैंक थोड़ा विभाजित हो गया है। ऐसा लगता है कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा सार्वजनिक धन में घपलेबाजी की लगातार खबरों ने तृणमूल के अल्पसंख्या समर्थन में जमीनी स्तर पर एक विभाजन निर्मित कर दिया है। अल्पसंख्यक अब तृणमूल और विशेष रूप ममता बनर्जी के खिलाफ खुलकर आ गए हैं।

कुछ मुसलमानों को यह कहते हुए भी सुना गया है कि ममता बनर्जी मुस्लिम का वेश धरकर मुस्लिम समुदाय के कार्यक्रमों में आईं।

अल्पसंख्यकों के कुछ नेता वास्तव में भाजपा के बैनर तले एकत्रित भी हुए हैं और कुछ धार्मिक नेता यह बोल रहे हैं कि ममता वोट बैंक राजनीति के लिए अल्पसंख्यकों का इस्तेमाल कर रही है।

ज़मीनी वास्तविकता में जो बदलाव आया है वह हाई कोर्ट के पूर्व जज अभिजीत गांगुली के भाजपा खेमे में आने से प्रतीत होता है। गांगुली ने राज्य की जनता में एक संवेदना जागृत कर दी है। वह राज्य में उद्योगों की स्थापना, शैक्षणिक सुधार, नौकरियों के अधिक अवसर और सार्वजनिक धन के पारदर्शी उपयोग आदि पर खुलकर बोल रहे हैं।

वह जवाबदेही और भ्रष्टाचार उन्मूलन को लेकर सर्वाधिक मुखर रहे हैं। जस्टिस गांगुली ने शब्दों में कोताही बरते बिना तृणमूल को अपराधियों और चोरों की पार्टी बताया है। लगता है कि इससे भाजपा के प्रति व्यापक सहानुभूति पैदा हुई है।

## 'के.सी.आर. ने बेटी की आज़ादी का सौदा किया'

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रैवन्त रैड्डी की माने तो क्षेत्रीय पार्टी बी.आर.एस. एवं उसके प्रमुख के. चन्द्रशेखर राव ने भाजपा के साथ एक सौदेबाजी की है। उसके अन्तर्गत वह

- तेलंगाना के मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी की मानें तो पूर्व मु.मंत्री के. चन्द्रशेखर राव ने भाजपा से सौदा किया है कि, उनकी बेटी, जो दिल्ली शराब नीति कांड में जेल में है, की रिहाई के बदले वे भाजपा को तेलंगाना से 5 सीटों पर जीत दिलवाएंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाजपा की ज्योति मिर्धा के पक्ष में जनसभायें की

## मकराना क्षेत्र के विश्नोई और राजपूत समाज ने ज्योति मिर्धा को समर्थन देने का एलान किया



भाजपा प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा के पक्ष में आयोजित जन सभाओं में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का स्वागत किया।

- गच्छीपुरा मण्डल कांग्रेस के सभी पार्टी पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा
- 'भारत को विश्वगुरू बनाने एवं राष्ट्रहित की सोचते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनानी जरूरी है'

**मकराना,** (निसं)। भाजपा प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा के पक्ष में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को दो अलग-अलग जगह पर आयोजित जन सभाओं को सम्बोधित किया। मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे परबतसर क्षेत्र के ग्राम मंडावरा के तिराया पर और दूसरी मकराना क्षेत्र के गचछीपुरा में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करते हुई दिया कुमारी ने कहा कि ये चुनाव देश की एकता और अखंडता का तथा देश के स्वाभिमान का चुनाव है। विश्व गुरूभारत बनाने के लिए एवं राष्ट्रहित की सोचते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनानी जरूरी है।

इस दौरान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा यह चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है, यह राष्ट्र के हित का चुनाव है और अबकी बार मोदी के गारंटी योजना के साथ 400 पार करना है। राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में निश्चित ही प्रदेश विकास की ओर अग्रसर होगा और विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इसलिए अब केंद्र का चुनाव है तो प्रदेश की पूरी 25 सीटें मोदी जी के खाते में डालनी है।

भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने संबोधित करते हुये कहा कि देश लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश का हर वर्ग प्रधानमंत्री के साथ जुटा हुआ है। इसलिए नागौर की जनता भी इस बार मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान देगी और मोदी सरकार 400 पर की सरकार बनेगी। इस मौके पर मैडता विधायक कलरू, मकराना पंचायत समिति प्रधान सुमिता भींचर, पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया, पूर्व विधायकराम भींचर, पूर्व विधायक रुपाराम मुरावतीया, पूर्व विधायक राकेश मेघवाल, पूर्व विधायक भंवरलाल राजपुरोहित, पूर्व विधायक विजयपाल मिर्धा सहित पार्टी पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान मकराना क्षेत्र के समस्त विश्नोई समाज और राजपूत समाज ने सामूहिक रूप से भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा को समर्थन व सहयोग देने का खुला ऐलान किया गया। वहीं गच्छीपुरा मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा।

इन सभी का उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनिता रांदड, जिला मंत्री राज खण्डेलवाल, नगर पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ओडिट, सरपंच मनोरसिंह रूपपुरा, शक्ति सिंह चावंडिया, डॉ. रजनी गौड़, सज्जन सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक बीरमाराम किरड़ोलिया, विधानसभा क्षेत्र मकराना के संयोजक विनय नाथावत, सम्मेलन प्रभारी रामनिवास दिवाकर, मकराना शहर मण्डल अध्यक्ष कपिल, पंचायत समिति सदस्य विजय सिंह पलाड़ा, सरपंच लीना कंवर, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सोनी, मण्डल अध्यक्ष बोरावड़ राजेश डारा, मण्डल अध्यक्ष बूड़सू गिरवरसिंह देवला, मण्डल अध्यक्ष रानीगांव सुरेन्द्र सैनी, मण्डल अध्यक्ष रमेशचन्द सारड़ा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पन्नाराम गोदारा, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश भाकर, राधाकिशन बाना-बाजोली, नीम्बड़ी सरपंच उगमाराम, मण्डल उपाध्यक्ष सोनम दाधीच, मनीषा जाजुन्दा, ईछावा लाखा सरपंच प्रेमाराम छरंग, गेहडा कला सरपंच मुकेश डारा, मामड़ोली सरपंच पुसाराम ज्याणी, बोदूसिंह-आसरवा, सरपंच अन्नाराम, बेसरोली सरपंच श्रवणराम रलिया, बूड़सू सरपंच महावीर कूकणा, झूमरराम बुरड़क-देवरी, इन्दौखा सरपंच विक्रम मातवा, डोबड़ीकला सरपंच दिलीप कुमार, आसुराम सील, हनुमानराम बाबल, दुर्गाराम खिलेरी, गिरधारीराम भैयाकला, जस्साराम विश्नोई, मनाना सरपंच रामसिंह, किरण शेखावत, श्रवणराम मलिण्डा, राधाकिशन बाना, शंकरलाल विश्नोई, प्रकाश सोनगरा, कल्पना जैन सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रेमी के साथ मिलकर बहू ने सास की हत्या की

- घर में बनी पानी की डिग्गी में डूबोकर हत्या कर दी, दोनों गिरफ्तार
- शव को डिग्गी से बाहर निकाल बहू ने रोने का नाटक किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। अवैध संबंधों में बाधा बनने पर पुत्रवधू ने प्रेमी के साथ मिलकर सास की घर में बनी पानी की डिग्गी में डूबोकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पुत्रवधु ने शव को डिग्गी से बाहर निकाल कर सास के डिग्गी में डूबकर आत्महत्या करना बताते हुए रोने का नाटक किया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। मामला नई मंडी घड़साना पुलिस थाना के गांव 2 जीडी का है। सास की हत्या करने के आरोप में पुत्रवधु तथा उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी मिलने पर डीवाईएसपी अमरजीत चावला ने घटनास्थल का मुआयना किया।

थानाधिकारी कलावती चौधरी ने बताया कि चक 2 जीडी निवासी मृतका के पुत्र अमरजीतसिंह कम्बोज सिख पुत्र बूटासिंह ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में 55 जीबी निवासी गुजर सिंह मजहबी सिख की पुत्री रीना के साथ हुई थी। उसके सवा साल की पुत्री है। इस बीच उसकी पत्नी के नई मंडी घड़साना की ओम कालोनी निवासी सुरेश सुथार पुत्र भागीरथ से अवैध संबंध हो गए। इसकी जानकारी पति अमरजीत तथा उसकी मां महेन्द्र कौर को थी। दोनों ने रीना को कई बार डांटा तथा सुरेश कुमार को भी समझाया, लेकिन दोनों पर कोई असर नहीं हुआ। रविवार सुबह अमरजीत काम पर चला गया। उसकी मां भी गुरुद्वारे चली गई।

घर पर रीना अकेली होने पर सुरेश घर पर आ गया। इसी दौरान उसकी मां गुरुद्वारे से आ गई। अमरजीत सिंह ने बताया कि रीना ने उसको फोन पर मां के डिग्गी में डूबने की सूचना दी। वह घर आया तो सुरेश व रीना मां शव के पास खड़े थे। उसने पूछताछ की तो सुरेश घर से चला गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाकर पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने रीना तथा सुरेश कुमार को राउन्डअप कर पूछताछ की तो दोनों ने बताया कि वे वृद्धा महेन्द्र कौर की ओर से अवैध संबंधों पर एतराज जताने तथा मिलने में बाधा बनने से खफा थे। इसलिए रीना और उसके प्रेमी ने महेन्द्र कौर के हाथ-पैर पकड़कर घर में बनी पानी की डिग्गी में फेंक दिया, पानी में डूबने से महेन्द्र कौर की मौत हो गई।

# हादसे में युवक की मौत

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। मंझेला रोड स्थित मिर्जा बावड़ी के पास मंगलवार को पिकअप की टक्कर से बाईक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही दो युवकों को घायल अवस्था में राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती कराया है। हाउसिंह बोर्ड निवासी करण चौधरी, निखिल शर्मा व करण नायक बाइक पर सवार होकर आवश्यक कार्य से जा रहे थे इस दौरान हादसा हो गया, जिससे करण चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई।

# सड़क दुर्घटना में दुल्हन की मां की मौत, पिता घायल


- सहभोज के लिए जा रहे थे, 23 अप्रैल को बेटी की शादी होनी है

**लालसोट,** (निसं)। थाना क्षेत्र में तेज गति की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार दंपति को चपेट में ले लिया। इस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पत्नी की मौत हो गई और पति गंभीर घायल हो गया। सड़क दुर्घटना में महिला की मौत की सूचना मिलने पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया एवं बेटी की शादी की खुशियां गम में तब्दील हो गई। शादी से एक हफ्ते पहले ही दुल्हन की मां की सड़क दुर्घटना में मौत से दुल्हन के सर से मां का साया उठ गया।

इस सड़क दुर्घटना में घायल छोटेलाल मीणा ने बताया कि उसकी बेटी की 23 अप्रैल को शादी होनी है। ऐसे में वह पत्नी रामपति देवी के साथ अपनी रिश्तेदारी में दिए जाने वाले सहभोज के लिए जा रहा था। इस दौरान रास्ते में हादसा हो गया। यह सड़क दुर्घटना क्षेत्र के प्रहलाद पुरा गांव के पास सोमवार दोपहर करीब एक बजे की है। एएसआई राम सिंह गुर्जर ने बताया कि चौकीदारों की ढाणी तन प्रहलाद पुरा निवासी छोटेलाल मीना अपनी पत्नी रामपति देवी के साथ बाइक पर सवार होकर किसी रिश्तेदार के घर पर जा रहे थे। इस दौरान देवली रोड पर सामने से आ रहे एक तेज स्पीड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी।

ऐसे में आसपास के लोगों ने बाइक सवार पति-पत्नी को लालसोट जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने रामपति देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं छोटे लाल मीणा का प्राथमिक उपचार जारी है। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को थाने में लाकर जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस ने मृतक महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं पूरे मामले की जांच लालसोट थाना पुलिस कर रही है।

# आने वाले समय में राजस्थान विकसित प्रदेश की श्रेणी में खड़ा हो जाएगा : राजेंद्र राठौड़



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने देवेन्द्र झाझड़िया के पक्ष में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया।

- पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में नुक्कड़ सभा की
- देवेंद्र झाझड़िया सही मायने में संघर्ष के पर्याय हैं : पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़

**चूरू,** (कासं)। देवेंद्र झाझड़िया सही मायने में संघर्ष का पर्याय हैं। यह बात पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने सोती भवन में वार्ड 53, 54, 55 व 56 की संयुक्त नुक्कड़ सभा के दौरान कही। इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्गों का विकास किया है, जिस प्रकार प्रदेश की डबल इंजन की सरकार जनहित के कार्य कर रही है। आने वाले समय में राजस्थान विकसित प्रदेश की श्रेणी में खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र के माध्यम से देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, उसे अक्षरशः लागू किया जाएगा।

संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में गांव व गरीब की चिंता की गई है। उन्होंने इस संकल्प पत्र को युवा, महिला व गरीबों के कल्याण का संकल्प पत्र बताया। इस अवसर पर पूर्व सभापति विजय शर्मा, राधेश्याम चोटिया व महेन्द्र पाण्डे ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में श्यामलाल झिकनाडिया, कन्हैयालाल सांखला, रमाकान्त भाऊवाला, गोपीराम हारित, भोलाराम शर्मा, सोहन लाल रैगर, रमेश नायक, जमन टाक, सांवरमल बालाण आदि का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कैलाश सैनी, शंकरलाल सैनी, कालू स्वामी, पवन सैनी, किशोर सैनी, अरविन्द चोटिया, रजाक चेजारा, राजू गुर्जर सोयब लीलगर, अब्दुल, सदीक अली आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, पूर्व सभापति विजय शर्मा, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, श्रीराम सैनी, निरंजन स्वामी, फतेहचन्द सोती, मंगलुराम बागड़ा, श्रीराम शर्मा, मनोज जोशी, हनुमान माटोलिया, लालचन्द सैनी, विमल जोशी, रामावतार टाक, राजकुमार दईया, अमित औझा, मांगीलाल गुर्जर, सुनील खटीक, जगदीश चंदेल, आकाश सैनी, दीपक व्यास, अमित गुर्जर, यादवेन्द्र वशिष्ठ, सुनिता प्रजापत, इंद्रा सैनी, सरिता जोशी, सुरेश चोटिया आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर उत्तर मंडल उपाध्यक्ष श्रीराम पीपलवा ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का माल्यार्पण कर व साफा बांधकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम चोटिया ने किया।

ग्राम झारिया में ओबीसी सेन समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष व सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनिल गहलोत, प्रधान दीपचन्द राहड़ आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश में विकास की गंगा बहाई है। अगर केन्द्र में भाजपा की सरकार आती है तो जिनके पास घर नहीं है, उनको को घर दिलवाने का वादा किया है। सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत ने कहा कि यह चुनाव किसी एक जाति को लेकर नहीं है, यह चुनाव सबका है। यह चुनाव देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। इस अवसर पर सभा में आत्माराम सैन, चांद रांकावत, चेतराम सहारण, विष्णु सैन, बलवीर अल्वा, ताराचन्द जोड़ी, उमाराम, भानीराम, कष्णकांत पंवार, भंवरलाल, बनवारीलाल, चिमनाराम, प्रभुराम, काशीराम, अर्जूनराम, चूनाराम, रतनलाल, जगदेव, कृष्णमल, सांवरमल, निरंजन सेन व मैना बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शीशराम हर्षवाल ने किया।

# भंवरी देवी के बेटे की याचिकाएं खारिज

**जोधपुर,** (कासं) भंवरी देवी अपहरण व हत्या के 12 साल बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाया है। इसी बीच एससी-एसटी कार्ट ने भंवरी देवी के बेटे साहिल की ओर से कोर्ट में मृत्यु प्रमाण पत्र व मूल सेवा पुस्तिका दिलाए जाने की लगाई गई दो अलग-अगल याचिका को खारिज कर दिया है। अनुसुचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण मामलात की विशेष अदालत में याचिकाएं पेश कर साहिल ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने विचारण न्यायालय को निर्देश दिया है कि न्यायालय संबंधित प्राधिकारी को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दे तथा भंवरी के सर्विस की मूल सेवा पुस्तिका परिजनों को लौटाई जाए।

कोर्ट में पेश की गई याचिका का विरोध करते हुए सीबीआई के विशिष्ट लोक अभियोजक अशोक जोशी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के आदेश का विवेचन सही रूप से नहीं किया है। विचारण न्यायालय को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश देने का क्षेत्राधिकार ही नहीं है। विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी कोर्ट) प्रीति मुकेश परनामी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने इस प्रकार के निर्देश जारी नहीं किए हैं। मूल सेवा पुस्तिका मृतक के परिजन को नहीं दी जा सकती है।

# बसपा विधायक मनोज न्यांगली शिवसेना में शामिल



विधायक मनोज न्यांगली।

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर में एक बार फिर लोकसभा चुनाव के बीच ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। चूरू जिले की सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा से विधायक मनोज न्यांगली मंगलवार को बसपा को छोड़कर शिवसेना में शामिल हो गये।

जिसको लेकर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इस दौरान विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है, जिसमें पार्टी के गठबंधन के अनुसार बचे हुए समय में चूरू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार को जिताकर मोदी जी की सरकार बनानी है। वहीं दूसरी तरफ सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा से दूसरी बार विधायक बने मनोज न्यांगली के बसपा छोड़ने से राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) को बड़ा झटका लगा है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में पार्टी के दो विधायक शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं। मुंबई में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में सादुलपुर से एएलए मनोज न्यांगली और बाड़ी से एमएलए जसवंत सिंह गुर्जर ने बीएसपी छोड़कर शिवसेना जॉइन कर ली है। वहीं दोनों विधायकों के शिवसेना (शिंदे) में शामिल होने के बाद राजस्थान विधानसभा में अब बीएसपी विधायकों की संख्या शून्य हो गई है।

# छात्रा ने जान देने की कोशिश की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। साइंस का पेपर बिगड़ने से डिप्रेशन में एक नाबालिग छात्रा ने तालाब में कूद कर अपनी जान देने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों की सूझबूझ और सतर्कता से छात्रा को तालाब से बाहर निकाला और उसे तुरंत हॉस्पिटल में इलाज के लिए ले जाया गया और उसकी जान बच गई।

मामला भीलवाड़ा के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी सागर तालाब का है। यहां शास्त्री नगर में रहने वाली सेजल पिता शाहिद ने आज गांधी सागर तालाब में कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने बच्ची को तालाब में कूदते हुए देखा तो वो भी आनन-फानन में तालाब में कूदे और तुरंत उसे तालाब से बाहर निकाला। इलाज के लिए हॉस्पिटल भिजवाया।

# धर्म जागृति संस्थान का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

## पूरे देश से पधारे करीब सात सौ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ कार्यक्रम



अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ।

- सर्वश्रेष्ठ शाखा का सम्मान राजस्थान प्रान्त शाखा को मिला

**जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का सप्तम राष्ट्रीय अधिवेशन श्रीचंद्र प्रभु अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा के प्रांगण में स्थित चन्द्रगिरि वाटिका में परम पूज्य आचार्य श्रीवसुनंदी महामुनिराज ससंघ के सानिध्य व मार्गदर्शन में सोमवार को भव्यता के साथ पूरे देश से पधारे करीब सात सौ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन दिल्ली ने बताया कि अधिवेशन प्रातः पं. शिखर चंद जैन के निर्देशन में ध्वजा रोहण के बाद मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके बाद आचार्य श्री का पादप्रक्षालन धर्म जागृति संस्थान दिल्ली ने तथा शास्त्र भेंट धर्म जागृति संस्थान अजमेर द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय मंत्री संजीव जैन व राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बडजात्या कामां ने केंद्रीय संस्थान की कार्य रिपोर्ट सदन के समक्ष रखने के बाद सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए जिसमें पवन चौधरी अलवर, पदम जैन बिलाला, भाग चंद मित्रपुरा, यश जैन, राकेश जैन, सुनील पहाड़ियां, पंकज लुहाड़िया, विनीत उनेरिया अजमेर, हरखचन्द बड़जात्या आदि ने कहा कि साधु संतों के आहार विहार में सहयोग हेतु युवा वर्ग में जागृति लाना, धर्म व जाति के कालम में जैन लिखना, जैन धर्म के साथ जैन जाति घोषित करवाने हेतु राज्य व केंद्र सरकार को लिखना, बच्चों व बड़ों को पाठशालाओं के माध्यम से संस्कारित करना सहित कई सुझाव प्राप्त हुए तथा प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ के जन्म दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की मांग साधु सन्तों के पद विहार में सुरक्षा की माँग, संतों के प्रवास हेतु भूमि / भवन की मांग, श्रमण संस्कृति बोर्ड में जैन शब्द जोड़ने व सभी राज्यो में गठन की मांग, प्राकृत भाषा के विकास हेतु बोर्ड व अध्ययन/अध्यापन व्यवस्था की मांग, अल्पसंख्यक बोर्ड आदि में जैन प्रतिनिधित्व की मांग सहित कई मांगे केंद्रीय/राज्य सरकारों के समक्ष रखने के सुझाव प्राप्त हुए।

दूसरे सत्र में आचार्यश्री की अष्ट द्रव्य के साथ पूजन की गई। पूजन का मधुर वाचन वर्धस्व नंदिनी मातजी द्वारा किया गया तथा शाखाओ द्वारा एक एक द्रव्य भक्ति के साथ झूमते हुए गुरुवर को अर्पित किए गए। पूजन कार्य की सुंदर व्यवस्था ज्ञान चंद जैन ने की थी। आचार्य श्री वसुनंदी महाराज ने अपने उद्धबोधन में प्राप्त सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संघठन की रीढ़ होते हैं तथा वर्तमान युग संघठित रहने का युग है। संगठित समाज ही अपनी मांगें सरकार से पूर्ण कराने में सक्षम होता है। इसके बाद आचार्य श्री ने कहा कि काम करने वाले का सम्मान करना प्रोत्साहन व प्रेरणा का कार्य करता है। आचार्य श्री ने उत्कृष्ट कार्य करने हेतु चयनित शाखाओ के नाम की घोषणा की जिन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी योगेश जैन मेरठ, निकुंज जैन दिल्ली, डॉ. नीरज जैन आदि द्वारा सम्मानित किया गया।

राजस्थान की प्रांतीय शाखा को संस्थान की राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शाखा चुना गया, जिसमें पदम जैन बिलाला जयपुर की अध्यक्षता में समाज हित में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न करने पर अध्यक्ष को वसुनंदी महाराज के जयकारों व करतल ध्वनि के बीच सम्मानित किया गया जिसके बाद उन्होंने सभी पदाधिकारियों के साथ पूरे संघ से आशीर्वाद प्राप्त किया। राष्ट्रीय संस्थान द्वारा महिला वर्ग शाखा में प्रथम उत्तम नगर दिल्ली, द्वितीय ग्रीन पार्क दिल्ली तथा तृतीय जनुथर जिला डीग व पुरुष वर्ग में प्रथम अलवर द्वितीय मेरठ तथा तृतीय सलूम्बर को चयनित किया गया।

इधर तिजारा क्षेत्र प्रबंध समिति द्वारा सभी केंद्रीय पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। अधिवेशन में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया जिसमें किरण जैन, महेश काला जयपुर, राजीव लाखना जयपुर, देवेंद्र जैन कठूमर, पवन जैन अलवर, घनश्याम जैन जनुथर, राजेंद्र जैन झंडा जयपुर, संजय सर्राफ कामां, सुंदरम जैन सलूंबर, प्रेमचंद जैन तिजारा आदि प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का संचालन संजय जैन बडजात्या कामां, इंद्रा बडजात्या जयपुर व नमन जैन मेरठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में तिजारा क्षेत्र की प्रबंध समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं के लिये संस्थान द्वारा उनका अभिनंदन किया गया व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय महामंत्री ने सभी शाखाओं सदस्यों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# मिलावट की आशंका पर 14 लीटर घी सीज कर नमूने लिए

कोटा, (निसं)। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को मिलावट की सूचना पर चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा दल ने शहर में कार्रवाई की। टीम को महावीर नगर प्रथम के श्री बल्लभम एसोसिएट्स के यहां मिलावटी घी बेचने की सूचना मिली थी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि उनकी टीम जब वहां निरिक्षण करने पहुंची तो मौके पर माल का ज्यादा स्टॉक नही मिला। टीम ने वहां अलग-अलग पैक में रखा 14 लीटर घी सीज कर दिया। संभवत फर्म को कार्रवाई का अंदेशा था। इसके चलते उक्त फर्म ने घी का सारा स्टॉक झालावाड़ जिले के दहीखेड़ा में गोविन्द एजेंसी पर भिजवा दिया। टीम ने मौके पर रखे मिले घी (जेमडी सरस) के 500 व 200 एमएल पैक के नमूने लिए। साथ ही मिलावट की आशंका पर 500 एमएल पैक में 4 डिब्बे व 200 एमएल पैक के 61 डिब्बों में भरा 14 लीटर घी को नमूनों की जांच रिपोर्ट आने तक सीज कर दिया।

विक्रेता ने यह घी हरियाणा की फर्म मैसर्स जेएमडी फूड्स से खरीदना बताया। टीम ने वहीं से लालाजी ब्रांड मिर्च पाउडर का भी एक नमूना लिया। टीम ने दूसरी कार्रवाई रेलवे स्टेशन क्षेत्र में की। वहां डिलाईट लाउंज एंड रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर पनीर व टोमेटो ग्रेवी के नमूने लिए।



कोटा खाद्य विभाग की टीम ने घी सीज करके नमूने लिए हैं।

सभी पांचो नमूनों को जांच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला भेजा गया है। जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा सकेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादोन और नितेश गौतम शामिल थे। सीएमएचओ ने बताया कि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री द्वारा बालिता रोड कोटा में विभिन्न थडी व ठेलो पर बिकने वाली 15 खाद्य पदार्थों के नमूनों की मौके पर जांच की।

दीगोद में पकड़ा घी असली सरस ब्राण्ड का नही निकला-सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि सोमवार को दिगोद में हुई नकली सरस ब्राण्ड घी कार्रवाई की निरन्तरता में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी में सरस डेयरी के प्रतिनिधियों ने एक लीटर और आधा लीटर घी के नमूनों का असली सरस ब्राण्ड के घी के पैक डिब्बों से मिलान किया जो असली सरस ब्राण्ड से मैच नही हुए।

अब सरस डेयरी के प्रतिनिधियों ने संबधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने दीगोद में मिलावट की आंशका पर अलग-अलग पैक में रखा 10 किलो घी सीज किया था।

## शबरी के पूर्व जन्म, वैरागय और वैकुंड तक कथा सुनाई

कोटा, (निसं)। श्री पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर के 'षष्ठम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव (पाटोत्सव) के तहत श्री भक्तमाल कथा में मंगलवार को किया गया। कर्माबाई की खिचड़ी से शबरी के बेरों तक की कथा में भक्तों के प्रेम, वात्सलय, करूणा, भक्ति की पराकाष्ठा को वृंदावन धाम के प्रख्यात संत चिन्मय दास महाराज जी के मुखारविंद से सैकड़ों भक्तों ने सुना और उनकी भक्ति में भाव विभोर होकर भक्तों की आंखों से गंगा-जमना निकलने लगी तो कोई भक्तिभाव में दोनो हाथ उठाकर ठाकुर के दरबार मे नाचने लगा।

संत चिन्मयदास महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि कोई कामदेव जैसा सुंदर हो जाए, कुबेर से अधिक धनवाला बन जाए, वशिष्ट से अधिक ज्ञानी बन जाए, ब्रह्मा की पदवी से बड़ा पद मिल जाए तो भी उसका जीवन में व्यर्थ यदि उसके सतसंग ना मिले। यदि साधु-संतु का सानिध्य नहीं मिले तो जीवन व्यर्थ है। रावण के पास भी मंदोदरी जैसी सुंदर पत्नि, इंद्र को जीतने वाला पुत्र और सोने की लंका थी परन्तु यह मनुष्य जीवन की सार्थकता नहीं है जबकि सतसंग की सार्थकता सत्संग से होती है।

वृंदावन धाम के प्रख्यात संत चिन्मय दास महाराज ने कहा कि कर्मा बाई भक्तिभाव से भगवान के लिए खिचड़ी बनाती थी उनके प्रेम व वात्सलय के लिए भगवान बाल्यकाल में उनका भोग ग्रहण करते थे। कर्माबाई की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई थी।

# 'एक मजबूत लोकतंत्र की नींव है अधिक मतदान'

■ 'विभिन्न कार्यक्रमों से अधिक मतदान को बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है'

कोटा, (निसं)। भारतीय लोकतंत्र में, मतदान नागरिकों का अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी है। यह वह शक्ति है जिसके माध्यम से वे अपनी पसंद के नेताओं को चुनते हैं ,जब अधिक लोग मतदान करते हैं, तो चुने गए प्रतिनिधि वास्तव में उन लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं।

इससे मजबूत और अधिक जवाबदेह सरकारें बनती हैं, जो लोगों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करती हैं। मतदान नागरिकों को उन मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करने का अवसर देता है जो उन्हें प्रभावित करते हैं। जब अधिक लोग मतदान करते हैं, तो नीति-निर्माता यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य होते हैं कि उनकी नीतियां अधिकांश नागरिकों के हितों को दर्शाती हैं। ये वाक्य सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्दीय संचार ब्यूरो कोटा द्वारा छोटी एंव बड़ी सोगरिया में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में इकाई प्रभारी प्रेम सिंह ने कहे।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब लोग अधिक मतदान करते हैं, तो वे यह महसूस करते हैं कि वे अपने समुदाय और देश में बदलाव ला सकते हैं। इससे सशक्तिकरण और नागरिक जुड़ाव की भावना पैदा होती है।

अधिक मतदान एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हर कोई अपनी आवाज उठा सके, मतदाता शिक्षा, मतदान प्रक्रिया को आसान बनाना और युवा मतदाताओं को मत दान के लिए चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे अधिक मतदान को बढ़ावा मिले है। जब हम सभी मतदान करेंगे या करते हैं, तो हम एक मजबूत, अधिक प्रतिनिधित्व वाली और जवाबदेह सरकार बनाते हैं जो सभी के लिए काम करती है।

## होम वोटिंग से वरिष्ठ व दिव्यांग जनों में उत्साह

कोटा, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत 85 एवं उससे अधिक वर्ष के अधिक आयु के वरिष्ठजनों एवं विशेष योग्यजनों के लिए घर से मतदान करने (होम वोटिंग) की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं, इसके तहत मंगलवार को उक्त श्रेणियों के मतदाताओं के घर पर ही मतदान दलों ने पहुंचकर विधिवत मतदान प्रक्रिया करवाई। होम वोटिंग का मौजूदा चरण 21 अप्रेल तक चलेगा। मतदान से वंचित रहे शेष मतदाताओं के लिए पुनः 22 से 23 अप्रेल तक दूसरा चरण प्रांरभ किया जायेगा।

■ मतदान से वंचित रहे शेष मतदाताओं के लिए पुनः 22 से 23 अप्रेल तक दूसरा चरण प्रांरभ होगा

इन्होंने निभाई लोकतंत्र में जिम्मेदारी-खेड़ली पुरोहित निवासी महादेवी उम्र 90 वर्ष ने मंगलवार को घर पर ही पहुंचे मतदान दल के समक्ष मतदान किया और निर्वाचन आयोग की इस विशेष सुविधा के लिए धन्यवाद दिया। इसी तरह आरके सक्सेना ने भी घर पर ही मतदान कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाई।

दिव्यांग रवि शर्मा के लिए यह बहुत प्रसन्नता का मौका था जब वे सुविधापूर्वक अपने ही घर में की गई मतदान व्यवस्थाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा कि इस पहल के कारण वे सुविधा से सुगम मतदान कर पाएं हैं।

# कोटा रेल मंडल पर यात्रियों के लिये निःशुल्क जल सेवा

कोटा, (निसं)। गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कोटा रेल मंडल जहां अपने रेल यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर साफ एवं स्वच्छ पीने के पानी (पेयजल) की व्यवस्था वॉटर कूलर एवं वॉटर नल के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

साथ ही कुछ गैर सरकारी संगठन/समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। वर्तमान में मण्डल के रामगंजमंडी, चौमहला, निमोदा, भवानीमंडी, हिंडौन सिटी, गंगापुर सिटी, भरतपुर, सुवासरा एवं बयाना सहित कुल 9 स्टेशनों पर 10 गैर सरकारी संगठन/समाज सेवी संस्थाएं सेवा भावना से निःशुल्क जल सेवा में अपना योगदान दे रही हैं।

इनके द्वारा गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने व खाली बॉटल में शीतल जल भरने का काम भी किया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि मण्डल से गुजरने वाली ट्रेनों में कोई भी यात्री प्यासा न रहे। इससे रेल सफर की थकान और गर्मी के मौसम से बेहाल यात्रियों को काफी राहत मिल रही है। इस कार्य में कुल 138 स्वमं सेवक सेवाभाव से यात्रियों को पानी पिलाने का कार्य करेंगे जिसमे स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है जिससे यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल प्राप्त हो सके।

इस सन्दर्भ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी, कोटा ने बताया कि कोटा मंडल यात्री सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है और यह प्रयास यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने हेतु एक अभिष्ट कदम है।

## सार-समाचार

### चप्पलें वितरित की

कोटा, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजनगर, कोटा में मंगलवार को रीबॉक एवं ग्रीनसौल फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब के सहयोग से वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को स्लीपर्स का निशुल्क वितरण किया गया। संस्था द्वारा प्राप्त सामग्री को पाकर बच्चे प्रसन्न हो उठे। सादे समारोह में आयोजित कार्यक्रम में संस्था की ओर से सुमन लता माहेश्वरी एवं स्कूल स्टॉफ तेज कुमारी जैन, मनीषा मीणा, मीनाक्षी राणावत उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक सत्यनारायण यदुवंशी द्वारा सहयोग के लिए संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब कोटा के अध्यक्ष डॉ.महेंद्र मोहन महेश्वरी ने बताया कि जरुरत मंद विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से और कांटों, कंकरों की चुभन से बचाने के लिए ये स्लीपर्स काफी उपयोगी साबित होंगे।इस वर्ष कोटा संभाग के सरकारी स्कूलों में वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उक्त सामग्रियों के वितरण होने तक यह अभियान जारी रहेगा।

मनोयोग से ग्रहण करें प्रशिक्षण-जिला निर्वाचन अधिकारी

### मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण

कोटा, (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान दलों पीआरओ एवं पीओ 1 प्रशिक्षण को मंगलवार जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण को गंभीरता से मनोयोग पूर्वक ग्रहण करें और सभी शंकाओं का निराकरण करें ताकि गलतियों की गुंजाइश नहीं रहे। मतदान पूर्व मतदान के दौरान तथा मतदान के बाद की सभी प्रक्रियाओं को अच्छी प्रकार से समझ लें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से मतदान प्रक्रिया से जुड़े सवाल भी पूछे। अतिरिक्त नोडल अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा, मास्टर ट्रेनर राजेश दाधीच, अनिल कुमार खत्री, डॉ. डीके जैन, अशोक गुप्ता, रमेश बघेलवाल, ललिता शर्मा, डीके भार्गव विकास दीक्षित ने प्रशिक्षण दिया। दक्ष प्रशिक्षकों ने ईवीएम संबंधी प्रशिक्षण दिया।

### कन्याओं का पूजन किया

कोटा, (निसं)। कीर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ़ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से अष्टमी के अवसर पर मंगलवार को कन्याओं का पूजन कर लेखन सामग्री वितरित की गई। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि की नवरात्र की अष्टमी की अवसर पर संस्थान की ओर से कन्याओं का पूजन किया गया एवं लेखन सामग्री का वितरण किया गया। संस्थान की ओर से इस अवसर पर बस्तियों में पहुंचकर पाठ्यक्रम का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया गया। संस्थान की महासचिव रेखा सैनी ने इस अवसर पर कहा कि बेटियां अनमोल होती है। शिक्षा का संबंध प्रदान करने में आमजनता को उनका सहयोगी बनना चाहिए।

### 'कोई भी पेंशनर्स वाट्सअप पर जानकारी न दें'

कोटा, (निसं)। कोष कार्यालय पेंशन विभाग की वॉट्सएप पर एक फर्जी आईडी बना ली गयी है जिस पर पेंशनर्स से उनके संबंध में जानकारियां भरने पर पेंशनर्स से प्राप्त ओटीपी मांगे जा रहे हैं। इस प्रकार पेंशनर्स के साथ कोई वित्तीय अनियमितता होने की संभावना है। अतिरिक्त निदेशक क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय पूनज ने बताया कि कार्यालय द्वारा कोई भी सूचना नहीं मांगी जा रही है तथा न ही कोई ओटीपी मांगे जा रहे हैं।

# संवाद कार्यक्रम में धारीवाल ने बोले भाजपा पर हमले

■ कहा, 10 साल में सांसद ने कोई काम नहीं किया

■ कांग्रेस का विकास जनता देख रही है

कोटा,(निसं)। कोटा-बूंदी की जनता ने 10 साल जिसको सांसद बनाया उसने अपना दायित्व नहीं निभाया और संसदीय क्षेत्र में कोई काम ऐसा नहीं करवाया जिसको वह जनता के बीच जाकर बता सके। 10 साल से ठगी का शिकार हो रही जनता अब सबक सिखाने को तैयार बैठी है। पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने मंगलवार को कोटा उत्तर कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि कांग्रेस के शासनकाल में हुए विकास कार्यो का जनता को सीधा लाभ मिल रहा है कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने से हो रही परेशानी से त्रस्त हैं । कार्यकर्ता जनता के बीच जाए और कांग्रेस पार्टी और प्रत्याशी के समर्थन में क्षेत्र की जनता से मतदान की अपील करें। धारीवाल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ता पूरी मुस्तेदी के साथ जुट जाए , जनता भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है और बदलाव का मन बना चुकी है। धारीवाल बोले हम भी सनातनी राम भगवान सबके धारीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब सनातनी है और भगवान राम सबके हैं लेकिन बीजेपी वाले रावण जैसा अहंकार रखकर भगवान श्री राम के आदर्श को भी अपनाने से परहेज कर रही है और चुनाव में अलग-अलग पतरे आजमाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है लेकिन जनता अब बीजेपी का असली चेहरा जान चुकी है जहां सिर्फ जुमले ही जुमले हैं विकास, रोजगार, किसान युवा, महिलाएं किसी से बीजेपी का सरोकार नहीं है। 10 वार्डो के कार्यकर्ता पदाधिकारी रहे संवाद कार्यक्रम में मौजूद स्टेशन सनफ्लावर रेस्टोरेंट परिसर में आयोजित हुए कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में वार्ड 25, 26 ,27 46, 47, 48, 59,60, 63, 64, 65, 66 के कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रभारी अजय अग्रवाल, पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल, गर्वित धारीवाल, डॉ जफर मोहम्मद, महापौर मंजू मेहरा उप महापौर सोनू कुरैशी, पूर्व उप महापौर राकेश सोरल सहित पदाधिकारियों ने संवाद कार्यक्रम में भाजपा पर महंगाई, रोजगार सहित अन्य मुद्दो पर हमले बोले।

## शक्ति दिवस पर आई.एफ.ए. की दवा देकर जागरुक किया

कोटा, (निसं)। एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्रों पर शक्ति दिवस मनाया। लक्षित बच्चे, किशोर-किशोरी, धात्री माताएं, गर्भवती व प्रजनन उम्र की महिलाओं की एनीमिया स्क्रीनिंग की गई। हीमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए की दवाई वितरित की और दवा के फायदे बताए। एनीमिया से बचाव संबधी जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि लाभार्थियों को पौटिष्क, आयरनयुक्त फल-सब्जी व संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) की दवाई लेने से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी दूर होती है। एनीमिया नियंत्रण के लिए हर मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जाता है।

# 'हम भी नाचेंगे, गायेंगे, वोट डालने जरूर जायेंगे' थीम पर कार्यक्रम आज से

कोटा, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाताओं की भागीदारी और सक्रियता बढाने के लिए 17 से 23 अप्रैल तक सतरंगी सप्ताह आयोजित किया जाएगा। सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम प्रत्येक पोलिंग स्टेशन, विधानसभा निवार्चन क्षेत्र मुख्यालय स्तर, पंचायत समिति एवं जिला मुख्यालय पर आयोजन किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में सतरंगी सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लक्षित वर्ग अनुसार संयोजन किया जाएगा जिससे इसकी ब्रांडिग की जाकर कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके। सप्ताह के प्रत्येक दिवस के लिए इंद्रधनुष के रंगों के अनुसार कलर थीम निर्धारित की गई है।

**सतरंगी सप्ताह की गतिविधियां:**-17 अप्रेल को स्थानीय कलाकारों द्वारा फॉक डांस होगा जिसका स्लोगन "हम भी नाचेंगे, गायेंगे, वोट डालने जरूर जायेंगे" होगा। यह आयोजन सायं 6 बजे किशोर सागर तालाब की पाल पर किया जाएगा। इस दिन की थीम वाईलेट कलर होगी। 18 अप्रेल को श्रमिक, मजूदर एवं भिक्षुक द्वारा म्यूजिकल बैंड प्ले एवं वोटर प्लेज कार्यक्रम होगा जिसका स्लोगन "अंगुली पर निशान, राष्ट्र के नाम" तथा कलर थीम इण्डिगो होगी।

यह कार्यक्रम श्रमिकों के एकत्रीकरण स्थानों पर प्रातः 7 से 8 बजे होगा। 19 अप्रेल को सर्विस वोटर्स राज्य कार्मिकों द्वारा वोकेथॉन कार्यक्रम होगा जिसका स्लोगन "कर्तव्य पथ पर राष्ट्रहित में" तथा कलर थीम ब्लू होगी। 20 अप्रेल को दिव्यांग मतदाताओं द्वारा ट्राई साईकिल रैली निकाली जाएगी जिसका स्लोगन "हम भी सक्षम, राष्ट्र भी सक्षम" तथा कलर थीम ग्रीन होगी। 21 अप्रैल को यूथ वोटर्स, अरबन एपेथी द्वारा वोटर्स रैली एवं फ्लेश मोबाइल कार्यक्रम होगा जिसका स्लोगन "मताधिकार का प्रयोग करेंगे, वोट करेंगे, वोट करेंगे" तथा कलर थीम येलो होगी।

22 अप्रेल को महिला मतदाताओं द्वारा महिला रंगोली एवं महिला मार्च का आयोजन किया जाएगा जिसका स्लोगन "वोट करूंगी तभी तो बढूंगी" तथा कलर थीम ऑरेंज होगी। 23 अप्रेल को एथिकल व इन्फोर्म्ड वोटिंग द्वारा वोट ट्री एवं दीपदान विश ट्री व लाइटिंग लेम्प का आयोजन किया जाएगा जिसका स्लोगन "लालच पर होगी चोट सोच समझ कर करेंगे वोट" होगा। इस दिन की कलर थीम रेड होगी।

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-LU2012/KOT/2024-25/100693 **लोक सूचना** दिनांकः-16.04.2024

श्री PRANATI BUILDCOIN JARYA PARTNER PRAKASH JAIN पुत्र श्री RATAN LAL JAIN जाति JAIN निवासी A70 KUNHADI RIDHI SIDHI NAGAR, THERMAL COLONY KOTA 324008 श्री PRANATI BUILDCOIN JARYA PARTNER PRADEEP DADHICH पुत्र श्री RAMKARAN DADHICH जाति BRAHMAN निवासी 384 SHASTRI NAGAR DADABARI ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1265 | 500 | 0.05 |
| 2. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1267 | 100 | 0.01 |
| 3. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1269 | 1400 | 0.14 |
| 4. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1275 | 1600 | 0.16 |
| 5. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1289 | 700 | 0.07 |
| 6. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1292 | 1200 | 0.12 |
| 7. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1294 | 1700 | 0.17 |
| 8. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O SUNDAR LAL HISSA 1/10 PYARI D/O SUNDARLAL HISSA1/10 RANGLAL S/O SUNDARLAL 1/10, RAMKARAN S/O JAGNYA1/2, RAMLAL S/O SUNDAR LAL 1/10 RAMI D/O SUNDAR LAL 1/10 CASTE BALAI KHATEDAR | 1296 | 800 | 0.08 |
| 9. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O ONKAR HISSA 13/20 CASTE-BALAI, KALI BAI D/O ONKAR HISSA 1/20 CASTE-BALAL, DAYARAM S/O KALU LAL HISSA 3/10 CASTE MEGHEAL NANTA KOTA KHATEDAR | 1272 | 1100 | 0.11 |
| 10. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O ONKAR HISSA 13/20 CASTE-BALAI, KALI BAI D/O ONKAR HISSA 1/20 CASTE-BALAL, DAYARAM S/O KALU LAL HISSA 3/10 CASTE MEGHEAL NANTA KOTA KHATEDAR | 1273 | 100 | 0.01 |
| 11. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O ONKAR HISSA 13/20 CASTE-BALAI, KALI BAI D/O ONKAR HISSA 1/20 CASTE-BALAL, DAYARAM S/O KALU LAL HISSA 3/10 CASTE MEGHEAL NANTA KOTA KHATEDAR | 1274 | 200 | 0.02 |
| 12. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O ONKAR HISSA 13/20 CASTE-BALAI, KALI BAI D/O ONKAR HISSA 1/20 CASTE-BALAL, DAYARAM S/O KALU LAL HISSA 3/10 CASTE MEGHEAL NANTA KOTA KHATEDAR | 1291 | 2200 | 0.22 |
| 13. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O ONKAR HISSA 13/20 CASTE-BALAI, KALI BAI D/O ONKAR HISSA 1/20 CASTE-BALAL, DAYARAM S/O KALU LAL HISSA 3/10 CASTE MEGHEAL NANTA KOTA KHATEDAR | 1297 | 1200 | 0.12 |
| 14. | नांता लाडपुरा (कोटा) | KALU S/O ONKAR HISSA 13/20 CASTE-BALAI, KALI BAI D/O ONKAR HISSA 1/20 CASTE-BALAL, DAYARAM S/O KALU LAL HISSA 3/10 CASTE MEGHEAL NANTA KOTA KHATEDAR | 1298 | 1100 | 0.11 |
| | | | | कुल | 1.39 |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16.04.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

## फ्लैगशिप प्रोग्राम के तहत तृतीय योग शिविर

कोटा, (निसं)। जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जोन 5 द्वारा मंगलवार को अर्हं योग शिविर का आयोजन किया गया। जेसीआई एल्यूमिनी क्लब अध्यक्ष मनीष चांडक ने बताया कि क्लब द्वारा प्रत्येक माह में विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन बनाए रखने,उनकी ऊर्जा को दोगुना करने के लिए विभिन्न विद्यालयों में यह कार्यक्रम करवाया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान तनाव से मुक्ति मिल सके। मंगलवार को अर्हं अंतरपपा मेघना शर्मा द्वारा योग के बारे में विस्तृत जानकारी देकर बच्चों को पंच मुद्रा और ध्यान करवाया गया। सेशन के दौरान अर्हं साधक अर्चना जैन द्वारा विभिन्न आसन करवाए गए। सदस्य एवं योग शिक्षक सी ए अरविंद जैन द्वारा विभिन्न सुक्ष्म क्रियाएं, प्रार्थना, एवं हास्यासन भी करवाया गया। सेक्रेटरी पीयूष खंडेलवाल ने बताया कि "मेरा मन दुर्बल न हों" प्रार्थना बच्चों के मन को छू गई। परीक्षा की कठिन घडी में भी अपने आप को पंच मुद्रा द्वारा मज़बूत और सशक्त कैसे बनाए रखना है यह जानकारी बच्चों को बहुत ही अच्छी लगी सेशन के बाद बच्चे बहुत खुश थे।

# राजस्थान आंगनबाड़ी आशासहयोगिनी वर्कर्स यूनियन का प्रथम अधिवेशन कोटा में सम्पन्न

■ अधिवेशन में कोटा संभाग की लगभग 500 से अधिक आशा सहायोगिनियों ने भाग लिया

कोटा, (निसं)। हिन्द मजदूर सभा से संलग्न राजस्थान आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनी वर्कर्स यूनियन का प्रथम वार्षिक अधिवेशन दिनांक 15 अप्रेल 2024 को कोटा स्थित उमरावमल पुरोहित सभागार में आयोजित किया गया।

यूनियन के प्रथम अधिवेशन में कोटा संभाग की लगभग 500 से अधिक आशा सहायोगिनियों महिलाओं ने भाग लिया। यूनियन की संरक्षक तथा हिन्द मजदूर सभा की राष्ट्रीय सचिव चम्पा वर्मा ने बताया कि राजस्थान आंगनबाड़ी आशासहयोगिनी वर्कर्स यूनियन के प्रथम वार्षिक अधिवेशन का उदघाटन हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री कॉमरेड हरभजन सिंह सिद्धू ने किया। चम्पा वर्मा ने बताया कि राजस्थान आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनी वर्कर्स यूनियन जो कि हिन्द मजदूर सभा से सम्बद्ध यूनियन है, यूनियन की हमेशा से महिलाओं को सशक्तिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। आंगनबाड़ी में कार्यरत आशा सहयोगिनी को कार्यस्थल पर आने वाली समस्याओं से निजात दिलाने का प्रयास ही नहीं किया बल्कि संबंधित अधिकारियों से इनके अधिकारों को दिलवाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी में कार्यरत आशा सहयोगिनियों को मार्च 2022 में मेडीकल विभाग से जोडा उसके बाद 6 माह तक मानदेय नहीं आया था यूनियन के प्रयासों से इकट्ठा 6 महिने का मानदेय का भुगतान आशा सहयोगिनियों को मिला।

आशा सहयोगिनियों की मांग थी कि कार्य करने के लिये मोबाईल या मोबाईल डाटा दिलवाया जाये यूनियन के प्रयासों से आशा सहयोगिनियों को मोबाईल डाटा मिलना प्रारंभ हो गया है। पूर्व में आशा सहयोगिनियों का वेतन समय पर नहीं मिलता था यूनियन के प्रयासों से समय पर मिलना प्रारंभ हो गया है।

यूनियन के प्रथम अधिवेशन को हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री कॉमरेड हरभजन सिंह सिद्धू ने संबोधित करते हुये कहा कि हिन्द मजदूर सभा की हमेशा से मांग रही है कि आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनियों को स्थाई कर्मचारी घोषित किया जाये, महगांई को देखते हुये न्यूनतम वेतन 26000 रूपये होना चाहिये, इनकी सेवानिवृति पर कम से कम 5 लाख से 10 लाख एक मुश्त धनराशि दी जाये।

पेंशन या प्रतिमाह 10000 रूपये दिया जाये, चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को जो सुविधायें मिलती है वो सभी सुविधायें आशा सहयोगिनियों को भी मिले, कार्य व अनुभव के आधार पर प्रमोशन मिले। आशा सहयोगिनियों की सभी मांगों को भारत सरकार के समक्ष ज्ञापन सौंपा जायेगा तथा जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करवाने का प्रयास किया जायेगा।

हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कॉमरेड जे.आर.भौंसले ने अधिवेशन को संबोधित करते हुये कहा कि राजस्थान प्रदेश में कार्यरत समस्त आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनियों महिलाओं को एकजुट होने की आवश्यकता है इसके लिये यूनियन भरसक प्रयास कर रही है, आशा सहयोगिनियों को योग्यता एवं अनुभव के आधार पर ए.एन.एम. या आशा सुपरवाईजर में समायोजित किया जाये, मोबाईल एप्स पर कार्य करने के लिये टेबलेट देना, तथा डाटा रिचार्ज में 600 की जगह 1000/- देना, आकस्मिक निधन पर परिवार को कुछ सहायता राशि दी जाये एवं आश्रित को अनुकम्पा पर नियुक्ति देना, यूनिफोर्म का कलर चेन्ज करना, यूनिफोर्म के साथ शूज देना, सीजनल सेफ्टी गियर्स जैसे सर्दी में ओवर कोट और जर्सी, बारिश में रेन कोट, फूटकर भत्ता दिये जाने की व्यवस्था करना, आशा सहयोगिनियों को चिकित्सा विभाग में ही रखना हिन्द मजदूर सभा की प्राथमिकता है।

राजस्थान आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनी वर्कर्स यूनियन के प्रथम अधिवेशन की वार्षिक रिपोर्ट यूनियन की अध्यक्षा शकुन्तला गुप्ता ने प्रस्तुत की तथा रूपकला शर्मा कोषाध्यक्ष ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। यूनियन के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता कॉमरेड शकुन्तला गुप्ता ने की तथा संचालन रेणूका ने किया।

अधिवेशन में मुख्य रूप से महामंत्री कवंलजीत, रूपकला शर्मा कोषाध्यक्ष मधुकांता, मधुबाला यादव, रेणू सक्सेना, फुलन्ता, हेमा चौधरी, पुषपा पारेता, रेहाना, मंजु चौहान, ममता शर्मा, ममता कवंर, ममता सिसोदिया, प्रतीभा सक्सेना रा.मंडी अध्यक्ष, ललिता किशनगंज अध्यक्ष, बूंदी की अध्यक्ष रेखा पाराशर, संगीता उपस्थित रही। कार्यक्रम के अन्त में हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव चम्पा वर्मा उपस्थित आशा सहयोगिनियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## सार-समाचार

### सफाई मित्रों का सम्मान किया

**अंता** (निसं)। नगर पालिका में स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के पत्र के अनुसार नगर पालिका अन्ता क्षेत्र के अधिशाषी अधिकारी नरेश कुमार राठौर के आदेशानुसार सहायक अभियंता महेन्द्र सिंह जाटव द्वारा सफाई मित्रों एवं रेगपिक्र्स, सेप्टिक क्लिनिंग वर्क्स की सुरक्षा हेतु रेडियम जैकेट, पीपीई किट और सर्टिफिकेट द्वारा सम्मान किया गया है। इसका उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन इन्जिनीयर लविना शर्मा द्वारा बताया कि सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रो को प्रत्येक माह सम्मान करने से उनके सफाई के कार्य को करने में लगातार उत्साह बना रहेगा इसी के साथ सफाई मित्रों एवं रंगपिक्र्स, सेप्टिक क्लिनिंग व्रर्क्स, और समुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों के रख-रखाव व ठोस अपशिष्ठ निस्तारण संयंत्राो पर कार्यरत सरकारी व गैर सरकारी सेनिटेशन वर्क्स का 18 अप्रैल को स्वास्थ्य की जाँच का शिविर का आयोजन नगर पालिका परिसर में किया जा रहा है। सभी सफाई मित्र समय पर आकर अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाये चेकअप के लिये सरकारी अस्पताल से सरकारी टीम बुलवाई गई है। सम्मान समारोह में उपस्थित दौलतराम कुशवाह, छितरलाल, दिलीप डंडोरिया आदि उपस्थित रहै।

### मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा

**झालावाड़,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 26 अप्रेल, 2024 मतदान दिवस पर निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में कार्यरत कर्मचारियों को संवैतनिक अवकाश देय होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि समस्त निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में कार्यरत कामगारों के साथ ही ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के निर्वाचन क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाता हैं, किन्तु उन निर्वाचन क्षेत्रों के बाहर कार्यरत है, उन्हें उनके क्षेत्र में मतदान दिवस 26 अप्रेल, 2024 को मतदान हेतु संवैतनिक अवकाश के लिए विनिर्दिष्ट किया गया हैं ताकि उनके द्वारा मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने पर किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कोई कमी नहीं की जायेगी। यदि कोई नियोजक उपबंधों का उल्लघंन करेगा तो ऐसे नियोजक पर 500 रूपये तक का जुर्माना दण्डनीय होगा।

### गणगौर उत्सव मनाया

**बूंदी** (निसं)। स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा अजमीढ़ भवन में सुहाग पर्व गणगौर उत्सव बडी धूमधाम से और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाएं सोलह श्रृंगार में सज धज कर सम्मिलित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष निर्मला सोनी ने की और विमलेश सोनी विशिष्ट अतिथि रही। सर्वप्रथम सभी महिलाओं द्वारा इसर गणगौर की पूजा तथा अखंड सुहाग की कामना की गई। चंदा और स्वाति द्वारा गणगौर के गीत गाए गए। कार्यक्रम का संचालन पार्षद स्वाति सोनी ने किया। प्रतियोगिताओं में इसर गणगौर में प्रथम स्थान पर युक्ति और सोनाली रही। गणगौर क्वीन में युक्ति प्रथम और पूजा द्वितीय स्थान पर रही। नृत्य प्रतियोगिता में वंदना प्रथम, अनुराधा द्वितीय स्थान पर, पचास वर्ष से अधिक में राजेश प्रथम, तथा स्नेहा द्वितीय स्थान, जलेरी सजाओ में इंदिरा प्रथम स्थान पर रही। इस दौरान पिंकी, सीमा, मीना, अनुराधा, इंदिरा, स्नेहा, नेहा, पूनम, सरिता, मधु, सरस्वती आदी मौजूद रही।

### चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आज

**बूंदी** (निसं)। श्री भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत नि:शुल्क विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर 17 अप्रैल बुधवार को चौगान गेट जैन मंदिर में होगा। सकल जैन समाज सचिव महावीर धनोपया ने बताया कि भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत बुधवार को नि:शुल्क विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर जैन मंदिर चौगान गेट में बुधवार सुबह 10:30 बजे से दोपहर दो बजे तक लगाया जाएगा। इसमें विभिन्न डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। संरक्षक ओम बडजात्या ने बताया कि शिविर में डॉ. बनेश जैन, डॉ. खुशाली जैन, डॉ. अभिषेक सनाढ्य, डॉ. बी.एस.मीणा, डॉ. शिवानी मीणा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. जितेंद्र मीणा अपने सेवा प्रदान करेंगे। निशुल्क जांच गोविंदम लैब द्वारा शुगर, बीपी, बीएमआई की जाएगी।

### भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न

**अंता** (निसं)। भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष लक्ष्मी चंद नागर की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला मंत्री भूपेंद्र शर्मा प्रांत अध्यक्ष शंकर लाल नागर ने किसान संघ के बारे में बताते हुए कहा कि अंता तहसील का सदस्यता का लक्ष्य 10000 सदस्य बनाने का है इसको पूर्ण कर प्रत्येक गांव में ग्राम इकाई बनाने का लक्ष्य निश्चय किया गया ।इसी के साथ कोटा में बनने वाले चित्तौड़ प्रांत के कार्यालय के निमित्त योजना बनाई गई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष गणपत लाल नागर जिला उपाध्यक्ष बंशीलाल नागर तहसील उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मालव तहसील सदस्य शिनारायण नागर जय सिंह चौधरी त्रिलोक शर्मा उदय लाल मालव काशीपुरा महावीर सिंह हाडा हेमराज नागर पाटूंदा उपस्थित रहे।

### किसान गोष्ठी का आयोजन

**छबड़ा** (निसं)। गुगोर पंचायत भवन में मंगलवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे सहायक निदेशक चौथमल मीणा ने किसानों को फसल अवशेष जलाने पर लगाए जुर्माने की जानकारी देते हुए कड़े निर्देश दिए। साथ ही, किसानो को मतदान का महत्व बताते हुए 26 अप्रैल को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी में सहायक कृषि अधिकारी पूरणमल गुप्ता, कृषि पर्यवेक्षक सागर नागर, कृषक मित्र नरपत सिंह, हीरासिंह, जगदीश प्रसाद, हेमराज खारोल, रतनलाल,मोहनलाल, राजेश, पवन आदि किसान उपस्थित रहे।

### विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

**बूंदी** (निसं)। ढोला की झोपडयां राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का सहायक परियोजना समन्वयक दलीप सिंह गुर्जर ने औचक निरीक्षण किया। समग्र शिक्षा की प्राप्त राशियों का भौतिक सत्यापन, विद्यालय का पोषाहार, विद्यालय रिकॉर्ड जाची और विद्यार्थियों की मोटिवेशन क्लास लेकर पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। निरीक्षण में विद्यालय की सभी व्यवस्थाएं अच्छी मिली। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान प्रधानाध्यापक नूतन तिवारी अध्यापिका मिथिलेश गुर्जर, दिवाकर जोशी आदि मौजूद रहे।

### धाकड़ सामुहिक विवाह सम्मेलन दस को

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के समीपवर्ती ढोलम में आदर्श नागर धाकड सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 10 अप्रैल 2024 शुक्रवार को किया जायेगा सम्मेलन की तैयारी को लेकर धाकड़ मंदिर पर चर्चा की गई जिससे अध्यक्ष खेमराज नागर चंद्र मोहन नागर सत्यनारायण नागर गोविंद नागर युवराज नागर रवि प्रकाश नागर राधेश्याम नागर दिलीप नागर बंटी नागर इन सभी कार्यकर्ताओं ने वह सभी ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर सम्मेलन की तैयारी को लेकर भाग लिया

### होम वोटिंग कराने पहुंची पोलिंग टीम

**छीपाबड़ौद** (निसं)। कस्बे में सेक्टर प्रभारी भीमराज मीणा के नेतृत्व में पोलिंग टीम ने पहुंचकर 82 वर्षीय बुजुर्ग मोहनलाल शर्मा के घर पूरी सावधानी और नियम पालन कर मतदान संपन्न कराया गया. बीमारी व बुजुर्ग अवस्था के चलते पोलिंग सेंटर तक जाने में अक्षम सीनियर सिटीजन के लिए नई नीति सफल साबित हो रही है. बीमार व बुजुर्ग मतदाता वोटिंग में हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपनी भूमिका दर्ज कर रहे हैं।

### ईद मिलन समारोह आज

**झालावाड़** (निसं)। राजस्थान गांधी शान्ति मिशन झालावाड़ द्वारा 17 अप्रेल 2024 बुधवार को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में ईद मिलन समारोह मनाया जाएगा मिशन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शफीक खान ने बताया कि सभी लोग भावनाओं के साथ मिल जुलकर प्यार से रहे इसलिए सभी समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### 25 अप्रेल को स्थानीय अवकाश घोषित

**बून्दी,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के कार्यक्रमानुसार 26 अप्रैल को मतदान दिवस घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने जिले में जिन विद्यालयों में मतदान केन्द्र स्थापित है, उन विद्यालयों में मतदान दलों की रवानगी की तिथि 25 अप्रैल को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

# अष्टमी पर घर-घर कुलदेवी की पूजा हुई, मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही

- पूर्व राजपरिवार ने कुलदेवी आशापुरा की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की
- 101 कन्याओं का पूजन की

**बून्दी** (निसं)। चैत्रीय नवरात्र के दौरान मंगलवार को अष्टमी के अवसर पर शक्ति स्थलों, देवी मंदिरों सहित घर घर में कुलदेवी की पूजा अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अष्टमी के मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और आराधना भी साधकों द्वारा सम्पन्न की गई। मंदिरों में माताजी का विशेष श्रृंगार करने के साथ दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती आदि के पाठ भी किए गए। दुर्गाष्टमी के अवसर पर मंदिरों में दर्शनों एवं पूजा-पाठ करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी अष्टमी के अवसर पर कुलदेवी की पूजा-अर्चना की गई।

**घर-घर कुलदेवी की हुई पूजा:-** अष्टमी के मौके पर घर घर में कुलदेवी की पूजा कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की गई। रविवार को सुबह पूर्व राजपरिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह ने सपत्निक मोती महल स्थित कुलदेवी मां आशापुरा मंदिर पहुंचे। कुलदेवी मां आशापुरा मंदिर में विद्वत पंडितों ने कुलदेवी की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। यहां पर पूर्व राजपरिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह ने कुलदेवी की पूजा अर्चना कर बून्दी सहित संपूर्ण राजस्थान व देश की खुशहाली की कामना की।

वहीं घर घर में सुबह से ही कुलदेवी व गाड़ी की पूजा अर्चना की तैयारियां की जाती रही। कुलदेवी को गुड़ व गेंहू की लापसी का भोग लगा कर विधि-विधान के साथ परिवार सहित दुर्गा पूजन कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।

कुल देवी की पूजा के लिए बाहर रहने वाले भी अपने घर पहुंचे। इस दौरान कन्याओं का पूजन कर उनको भोजन कराने के बाद उपहार आदि भेंट किए गए। परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ एक जगह पर बैठकर कुलदेवी की पूजा की और मनौतियां मांगी।

**51 किलो घेवर और 21 किलो इमरती से भव्य श्रंगार:-** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के उपलक्ष्य में बालचंद पाड़ा स्थित सिद्धपीठ बिजासन माता जी का 51 किलो घेवर और 21 किलो इमारती से भव्य श्रृंगार किया गया। शाम को आयोजित महाआरती और माताजी के दर्शनों के लिए हजारों श्रद्धालुओं का मेला उमड़ पड़ा।माताजी के समूचे मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था।

इसके अलावा श्रद्धालुओं की ओर से 1500 आइसक्रीम और मूंग की दाल के हलवे का प्रसाद भी वितरित किया गया। सांय कालीन महा आरती के बाद माताजी के चौक में रात्रि जागरण भी आयोजित किया गया जिसमे देश के विभिन्न इलाकों से आए श्रद्धालु मौजूद थे।महिला मंडल द्वारा भी भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। गौरतलब हैं कि बिजासन माताजी मंदिर में नवरात्रि पर होने वाला श्रृंगार हर वर्ष शहर में आकर्षण का केंद्र रहता है। एकादशी के दिन मंदिर में रात्रि जागरण के साथ ही माताजी को विदा किया जाएगा।

खोजा गेट स्थित वैष्णो देवी माता मंदिर में श्री पंजाबी सेवा समितिकी और से 101 कन्याओं का पूजन कर अष्टमी मनाई गई। सेवा समिति अध्यक्ष रविंद्र वधवा ने बताया कि पं. संदीप चतुर्वेदी ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। संरक्षक भीमसेन आहूजा, मंत्री विरेन्द्र कपूर, जितेन्द्र पाहूजा, कविश आजमानी, विक्रम आनंद, सुमित आनंद, अभिषेक वधवा ने मां वैष्णो देवी की प्रतिमा का श्रृंगार किया और चुनरी चढाकर आरती की।

मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भजन मंडली के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान 101 कन्याओं के तिलक लगाकर पैरों का पूजन कर रक्षा सूत्र बांध और प्रसाद वितरित कर उपहार भी भेंट किए। माता महागौरी के रूप में किए गए अलौकिक श्रृंगार के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही जुट गई थी। दिनभर वैष्णो देवी माता के जयकारों से आसमान गुंजायमान रहा।

इनर व्हील क्लब द्वारा नवरात्रि के पर्व पर दलेलपुरा गांव में 121कन्याओं को भोजन करा फल और उपहार भेंट किए गए। इस दौरान क्लब अध्यक्ष सुनीता सोमानी, उपाध्यक्ष रजनी नुवाल, कोषाध्यक्ष पुष्पा चौधरी, गायत्री गुप्ता, रेखा शर्मा, श्याम लता शर्मा, आशा माथुर साधना न्याति, श्वेता भंडारी, आदि सदस्य मौजूद रही।

## 2213 मतदाताओं ने मतदान किया

**रावतभाटा,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिये शुरू की गई होम वोटिंग की सुविधा के तीसरे दिन मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र में कुल 2213 पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया। चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा कपासन में 426, बेंगू में 395, चित्तौडगढ में 430, निंबाहेड़ा में 164, बडी सादडी में 249, प्रतापगढ में 155, मावली में 153 तथा वल्लभनगर में 241 मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त किये गये होम वोटिंग के मतदान दलों ने निर्धारित रूट चार्ट अनुसार घर घर जाकर 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं से मत डलवाये। नागरिकों में लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाने का उत्साह होम वोटिंग के दौरान देखा गया। वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि चुनाव आयोग का यह निर्णय लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी के लिये ऐतिहासिक हैं। इससे हमें भी अपने पसंद के उम्मीदवार को मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा मिली है। होम वोटिंग के दौरान मतदान दलों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जाब्ता भी साथ है।

# मतदान के प्रति जागरुक किया




प्लांट में मतदान के प्रति जागरुक किया।

**छबड़ा** (निसं)। जिला कलेक्टर बारां एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रामसिंह गुर्जर के आदेशानुसार सहायक विकास अधिकारी हरिबल्लभ कुमावत के सानिध्य में थर्मल पावर प्लांट मोतीपुरा में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता शपथ दिलवायी गयी साथ ही मतदाताओं को सी-विजिल एप, सक्षम एप, केवाईसी एप के बारे में जानकारी दी गयी।

पंचायत समिति के संजय ने बताया कि मोतीपुरा राजस्थान के कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों में से एक है। यह राजस्थान के बारां जिले में छबडा तहसील के मोतीपुरा चौकी में स्थित है।

बिजली संयंत्र की नियोजित क्षमता 2320 मेगावाट है। यहां पर कई स्थानों से अधिकारी और कर्मचारियों के साथ बड़े स्तर पर मजदुर वर्ग भी काम करते है। सभी मजदूरों को बताया गया कि 26 अप्रैल को सह वैतनिक अवकाश मिलेगा इसलिये कोई भी मजदूर जो बारां-झालावाड लोकसभा सीट से मतदाता है वो अपने बूथ पर 26 अप्रैल को वोट डालने जरूर जाये।

थर्मल में कार्यरत कम्पनियों के मालिक ध्यान दे सभी वोटर को सवैतनिक अबकाश देवें जिससे गरीब, मजदूर रोजी-रोटी की वजह या दैनिक मजदूरी कटने के डर से मतदान से वंचित नही रहे। मंगलवार को स्वीप के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया।

# दुर्गाष्टमी पर दुर्गा माता की पूजा की

**रावतभाटा,** (निसं)। दुर्गा अष्टमी पर दुर्गा माता जी मंदिर पर कन्या पूजन और भोजन का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष राजकुमारी चौहान ने बताया कि पौराणिक शास्त्रों के अनुसार इंद्रदेव देवी मां को प्रसन्न करना चाहते थे जिसे अपनी इच्छा को लेकर इंद्रदेव ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और उन्हें माता दुर्गा को प्रसन्न करने का उपाय पूछा तब ब्रह्मा जी ने इंद्रदेव से कहा कि, देवी माता को प्रसन्न करने के लिए आपको कन्याओं का पूजन करना चाहिए और उन्हें भोजन कराना चाहिए।

ब्रह्मा जी की सलाह के बाद इंद्रदेव ने माता की विधि-विधान से पूजा करने के बाद कुंवारी कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोजन करवाया। इंद्रदेव के सेवा भाव को देखकर माता प्रसन्न हुईं और उन्हें आशीर्वाद दिया। ऐसा माना जाता है कि, तभी से कन्या पूजन की परंपरा शुरू हुई।

इसी परंपरा अनुसार क्षत्रिय समाज की क्षत्राणीयों द्वारा मंगलवार को दुर्गा माता मंदिर पर दुर्गा अष्टमी के सुअवसर पर कन्याओं का पूजन कर सामुहिक रूप से माताजी की आरती के साथ कन्याओं की भी आरती पश्चात 651 कन्याओं और बटुक बच्चों सहित 21 धर्मगुरु जनों को माताजी की भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई।

कन्या पूजन और प्रसादी में अध्यक्ष राजकुमारी चौहान एवं रमा कंवर ,लक्ष्मी कवर, वर्षा कवर, बसंत कंवर, मधु कवर, निर्मल कवर मीनु कवर, शकुंतला कवर, अनु कवर सुमित्रा कवर, मंजू कवर, ममता कवर, उमा कवर और मंजू कवर सहित सभी क्षत्राणियों ने कन्या पूजन भोजन प्रसादी में सेवाए दी गई।

दुर्गा माता मंदिर पर हवन पूर्णाहुति के साथ समापन होगा नवरात्रि महोत्सव महा सचिव चंद्र सिह भाटी ने बताया कि क्षत्रिय समाज रावतभाटा के दुर्गा माता मंदिर पर चैत्रीय नवरात्र का घट स्थापना के साथ प्रारम्भ हुए नवरात्र का समापन बुधवार महानवमी पर प्रात: 10 बजे शुभ मुहूर्त में हवन एवं पूर्णाहुति के साथ समापन होगा।

इस से पूर्व मंगलवार को दुर्गा अष्टमी पर महिलाओं द्वारा माताजी का रात्रि जागरण किया गया एवं नवमी पर हवन पूर्णाहुति के साथ महा आरती कर माताजी की पाती विसर्जन के साथ नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का समापन होगा।

# होम वोटिंग से मतदान कर बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता जता रहे खुशी

**बूंदी** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई होम वोटिंग सुविधा से मतदान कर खुशी जता रहे है और घरा से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत तीसरे दिन मंगलवार को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग, बुर्जुगों मतदाताओं को मतदान दल ने घर बैठे मतदान करने की सुविधा सुलभ कराई। पोस्टल बैलेट के माध्यम किए जा रहे मतदान के दौरान मत की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में लोकसभा चुनाव के लिये चल रही होम वोटिंग व्यवस्था के तहत तीसरे दिन बूंदी विधानसभा क्षेत्र की 47 वर्षीया रेखा देवी और नैनवां रोड निवासी 52 वर्षीय जय प्रकाश जाजू ने उत्साहपूर्वक घर बैठे मतदान सुविधा का का लाभ लेकर मतदान किया। होम वोटिंग सुविधा से मतदान करने के बाद मतदाताओं ने कहा कि वह मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ थे, लेकिन निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा दी गई। बूंदी शहर के इंदिरा कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय दिव्यांग रमेश सैनी ने लोकतंत्र में अपनी मजबूत आस्था जताते हुए घर बैठे अपने अमूल्य मताधिकार का उपयोग किया। इसी तरह 92 वर्षीया जागीर कौर एवं 92 वर्षीय भंवर बाई ने मतदान करने के बाद स्थानीय भाषा में होम वोटिंग सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि 'म्हें तो वोट देबा जावझा पर मतदान केन्द्र मं तो घणी टेम लाग् छी अर परेशान भी हो जाव छा, कोइ साथ न होवछो तो बोट ही डाल पाव छा, ई बार वोट डालबा की आछी सुबिधा करी छै, बना कसी समस्या का घर बैठ्या ही बोट दे पाया। वहीं रजत गृह कॉलोनी निवासी महिला मतदाता 86 वर्षीय प्रेमलता ने कहा कि वह बिना किसी सहारे वोट डालने में असमर्थ है।

बूंदी विधानसभा क्षेत्र के 86 वर्षीय महिला मतदाता कालीबाई , 87 वर्षीय राधे मोहन, 85 वर्षीय कुंज बिहारी ने भी होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया एवं घर बैठे उत्साह के साथ पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया।




मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई होम वोटिंग सुविधा से मतदान कर खुशी जता रहे हैं।

## सार-समाचार

### चिकित्सा कर्मियों ने 20 कूलर भेंट किए

**बूंदी** (निसं)। जिला अस्पताल में भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों की राहत के लिए चिकित्सा कर्मियों द्वारा अस्पताल प्रशासन को 20 कूलर भेंट किए गए। सामान्य चिकित्सालय में भीषण गर्मी से रोगियों को हो रही परेशानी को लेकर पीएमओ डॉ. प्रभाकर विजय ने 40 से 45 कूलर एव ब्लड बैड में रक्त की कमी की जानकारी चिकित्सालय परिवार को दी थी। रोगियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए जनहित में चिकित्सालय के चिकित्सको, रजिडेन्ट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारीयों, लेब टेकनीशियन, सहायक कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर एव संविदा कर्मचारियो सहित सभी चिकित्सालय परिवार के सदस्यों ने 50 यूनिट रक्त का दान किया। इसी प्रकार नर्सेज कर्मचारी को ऑपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष दलजीत मीणा, कोषाध्यक्ष भगवान सोमानी एवं संचालन समिति की बैठक मे निर्णय लेकर चिकित्सालय को 20 कूलर भेंट किये गये। 50 यूनिट ब्लड एवं 20 कूलर भेंट करने पर पीएममो डॉ. प्रभाकर विजय एवं नर्सिंग अधीक्षक अमर सिंह यादव व अब्दुल सलाम ने जिला नर्सेज कर्मचारी कॉआपरेटिव सोसाईटी, 50 यूनिट रक्तदान कर चिकित्सालय परिवार का आभार प्रकट किया। इस दौरान नर्सेज सोसायटी पदाधिकारी एवं सदस्य डॉ. सुरेश अग्रवाल, मेघवाहन सिंह, राजेन्द्र परिहार, राजेश मीणा, दिव्या सोनी, सत्यनारायण मीणा, सुदेश गौतम, अब्दुल रहमान, गिरिराज बड्डुवाल, अंकित दाधिच, भंवर सिंह, रामेश्वर मीणा, गिराज चितौडा, रमेश, मुकेश बैरवा, धर्मराज मीणा, शमीमुदीन चिश्ती, केशव चौधरी, अरुणा वैष्णव सहित बनसैज कोष सोसायटी के सभी सदस्य मौजूद रहें।

### महिलाओं को मतदान की मेहंदी लगाई

**रावतभाटा,** (निसं)। ग्राम पंचायत बोराव पंचायत समिति भैसरोडगढ में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर द्वारा प्राप्त निद्रेशानुसार मतदान की मेहंदी कार्यकम को प्राथमिक स्वास्थ केन्द बोराव में डाँ. जय प्रकाश कुमावत व डाँ. धन्श्याम सिंह द्वारा मरीजो को देखने के साथ सभी महिला कर्मचारियो को हाथ पर मेहंदी लगाकर मतदान करने कि अपील कि उसके बाद आंगनबाडी केन्द्र बोराव पर सरपंच अनुराग जैन द्वारा मतदान की मेहंदी के रूप में सभी महिला कर्मचारियो को मेहंदी के कोन उपलब्ध करवाकर ग्राम वासियो को मतदान कि अपील कि ग्राम प्रतापपुरा में सी.एच.ओ. सीमा हरजिन ने 45 महिलाओ को मेहंदी लगाकर मतदान के प्रति जागरूक किया। इनके साध आंगनबाडी कार्यकर्ता सुनिता धाकड ने पुर्ण सहयोग किया ग्राम विकास अधिकारी भरत कुमार निहालानी ने सभी कर्मचारियो को अवगत कराया कि दिनांक 19 मार्च 2024 को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में बोराव ग्राम पंचायत मे कर्मचारी पैदल मार्च निकाली जावेगी। तथा मुख्य समारोह रामलीला मैदान पर होगा। कार्यक्रम में कृषि पर्यवेक्षक सरीता बागडी वन विभाग से पुष्पा राणावत व श्योना मीणा व आंगनबाडी कार्यकर्ता कंचन, निशा, सुरज देवी व आशा, तारा देवी, मंजु लक्षकार व आशा राठोर व राजिविका से मनभरी सुथार का भी सहयोग किया। ग्राम पंचायत में 360 महिलाओ को मतदान कि मेहंदी लगाई गई। पेयजल नरेगा कार्य पर महावीर ने सहयोग किया।

### एक दर्जन गांवों में जनसंपर्क किया

**अंता** (निसं)। अंता विधायक कँवरलाल मीणा लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी दुष्यन्त सिंह के लिए जोर शोर से प्रचार में जुटे हुये है, और लगातार भाजपा प्रत्याशी दुष्यन्त सिंह के लिए जनसंपर्क कर रहे है। विधायक कँवरलाल मीणा ने टारडा, डाबरी काकाजी, बड़ा हाला कुँआ, सोरखंड खुर्द, देवपुरा, खजुरना खुर्द, तामखेडा, पचेल खुर्द, धतुरिया, बम्बूलिया जोगियान, अलीपुरा, ग्राम पंचायतों में कार्यकर्तओं के साथ बैठक लेकर जनसंपर्क किया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। विधायक कँवरलाल मीणा ने बूथ कार्यकर्ताओ से मुलाकात की ओर बूथ लेवल को मजबूत बनाने पर जोर दिया, साथ ही भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान विधायक कँवरलाल मीणा ने कहा कि राष्ट्र को बचाना है तो भाजपा को जीताना है और एक बार फिर देश के सबसे बड़े सेवक नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इसी के साथ विधायक कँवरलाल मीणा ने दुष्यन्त सिंह के लिये वोट मांगे ओर कहा दुष्यन्त सिंह को पाँचवी बार 5 लाख मतों से विजय बनाना है। इस दौरान बजरंग लाल धाकड, जयेश गालव, राहुल नागर, यशवंत मारग, विष्णु शर्मा सहित कई नेता व कार्यकर्ता साथ रहे।

### ढाई कड़ी की रामलीला जारी

**मांगरोल** (निसं)। मय दानव ने बाली को ललकारा और पर्वत में धुस गया। बाली ने सुग्रीव से कहां मैन आऊ तो जान लेना कि मै मर गया। एक माह तक अब यह मुझे मारेगा। बाली ने सुग्रीव को मारा व स्त्री छीन ली ।तब दौनौ में धमासान हुआ और बाली मारा गया। यहां एतिहासिक कुंज चौक पर चल रही ढ्राई कडी दौहे की रामलीला में सोमवार को राम बाली सुग्रीव महासंग्रम सुग्रीव व राम भगवान का मिलन बाली सुग्रीव संवाद बाली तारा खेल व बाली वध की लीला का मंचन, किया गया। इससे पहले राम लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी सजाई गई। झांकी आरती अतिथियो भाजपा नगल मंडल अध्यक्ष पीयूव विजय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमित चौपड़ा।परमेश मीणा, अथितियौ का स्पागत रामलीला मंडल आयोजन समिति अध्यक्ष ललित गौतम, प्रहलात सिंह, डी के चोरसियां, सह नै कि बुधवार को लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन होगा।

### मच्छरों की समस्या के लिए ज्ञापन दिया

**रावतभाटा,** (निसं)। आवासीय कॉलोनियों में काफी समय से फोगिंग नही होने के कारण कॉलोनियों में मच्छरों की तादात काफी बढ चुकी है। जिसकी वजह से कॉलोनी वासियों में काफी बीमारियां हो रही है एवं गार्डन में भी बच्चे मच्छरों की समस्या से काफी परेशान हो रहे हैं। मच्छरों की समस्या को देखते हुए पूर्व पार्षद रूपकला पारेता ने मंगलवार को नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन दिया साथ मे चेयरमैन प्रतिनिधि एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेन्द्र सिंह हाड़ा भी उपस्थित रहे। जिसमें जल्द से जल्द से कॉलोनियों में फोगिंग करवाने की बात की गई। समस्या पर अधिशासी अधिकारी ने कॉलोनियों में जल्द ही फोगिंग करवाने की बात कही और संबधित विभाग को निर्देश जारी किये जिससे जल्द ही मच्छरों के लिए फोगिंग हो सकेगी एवं कॉलोनी वासियों को मच्छरों की समस्या से निजात मिल सकेगी।

### 21 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। बापचा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए 21 ग्राम से अधिक स्मेक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान छबडा की तरफ से आ रही एक बिना नंबरी बजाज प्लसर मोटरसाईकिल को डिटेन कर चालक रामनरेश मीणा निवासी करणीजागीर थाना छीपाबडौद के कब्जे से 21.25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक को जप्त कर परिवहन में प्रयोग की गई मोटरसाईकल को जप्त कर आरोपी रामनरेश को गिरफ्तार किया जाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच सारथल थानाधिकारी धर्मपाल यादव सौप दी है। टीम में कांस्टेबल राजवीर, कैलाश व समुंदर सिंह शामिल रहे।

### कार्यकारिणी का विस्तार

**छबड़ा** (निसं)। श्री सेन समाज की एक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। जिसमेंश्री नारायणी नवयुवक मंडल मोर्चा छबडा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें छबड़ा नगर के नव नियुक्त अध्यक्ष गौरव चौहान, उपाध्यक्ष विजय सेन, जगदीश सरोया, कोषाध्यक्ष गोविंदम अमेरिया, महामंत्री दीपक सेन, सुनील सेन कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रदुमन सेन, दीपाकर सेन, मीडिया प्रभारी जतिन सेन, कुलदीप सेन, मुदित सेन आदि को नियुक्त किया गया। बैठक में सतीश केलवा, राजकुमार सेन, अनिल सेन, रोहित केलवा, अरविंद सेन, धनराज सेन, पवन सेन आदि मौजूद थे। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि हमारे कार्यकाल में समाज के उत्थान के लिए कुछ अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा।

### मतदाता जागरुकता रैली निकाली

**छबड़ा** (निसं)। लोकसभा चुनाव के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें मतदाताओं से 26 अप्रेल को मतदान करने की अपील की गई। छबड़ा नगर पालिका क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय पुरानी नगर पालिका छबड़ा से अलीगंज बाजार होते हुए गली मोहल्लों में सार्वजनिक स्थानों पर रैली निकाली गई और मतदाताओं को पीले चावल, संकल्प पत्र भरकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर बार रूम लीडर शबाना कुरैशी, बीएलओ चंद्रप्रकाश शर्मा, लक्ष्मीनारायण योगी, महेश कुमार गालव, प्रिया सोनी, शरफूल अमीन खिलजी आदि मौजूद उपस्थित रहे।



आईपीएल से पहले भी रियान ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया था। जिसके बाद अब वह राजस्थान रॉयल्स में भी अपनी उपयोगिता साबित कर चुके हैं। रियान एक साल के अंदर भारत के लिए डेब्यू कर लेंगे। -इरफान पठान

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, आरआर के रियान पराग के हालिया प्रदर्शन पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶



## ग्लेन मैक्सवेल

आरसीबी के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 सीजन से हटने का फैसला लिया है। मैक्सवेल ने ब्रेक लेने का फैसला किया है। जिससे फैंस हैरान हैं। बता दें कि मैक्सवेल ने सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी भाग नहीं लिया था। वहीं मैच के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ब्रेक का खुलासा किया। बता दें कि, मैक्सवेल को इस सीजन खराब फॉर्म की वजह से काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। के खिलाफ मैच में तो उन्हें प्लेइंग 11 में भी जगह नहीं मिली।

**क्या आप जानते हैं ?...** बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते है क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज माइकल स्लेटर को नहीं मिली जमानत, कोर्ट में हुए बेहोश

ऑस्ट्रेलिया, 16 अप्रेल। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर मंगलवार को जमानत याचिका खारिज होने के बाद कोर्ट में बेहोश हो गए। 54 वर्षीय क्रिकेटर को क्वींसलैंड राज्य के कोर्ट में अपने पैरों पर वापस खड़ा होने के लिए मदद का सहारा लेना पड़ा। स्लेटर को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उनके ऊपर गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना, मारपीट, रात में किसी इरादे से घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला हमला और दम घोंटने जैसे आरोप शामिल हैं। वहीं जमानत के लिए आवेदन किए जाने के बाद भी माइकल स्लेटर के खिलाफ पुलिस के आरोपों को तहत अदालत में सुनवाई हुई। स्लेटर पिछले पांच दिसंबर से 12 अप्रैल के बीच कई तारीखों पर सनशाइन तट पर कथित अपराधों के कुल 19 आरोपों में घिरे हैं। स्थानीय पुलिस ने कई दिनों तक कथित घरेलू हिंसा की घटनाओ के बाद पिछले शुक्रवार को सनशाइन तट पर नूसा हेड्स से 54 वर्षीय स्लेटर को गिरफ्तार करने की पुष्टि की। फॉक्स स्पोर्ट्स के मुताबिक, स्लेटर के कुछ कथित हिंसक कृत्य वहां पर महिला की संपत्ति पर लगे सीसीटीव कैमरे में भी कैद हुए हैं। स्लेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा आदेश का उल्लंघन करने के 10 आरोप भी लगाए गए हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने कहा कि स्लेटर ने अदालत में सभी आरोपों से इनकार किया है। स्लेटर की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया है और उनके मामले को 31 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

## छक्के जड़ने में हैदराबाद के हैनरिक और चौकों में विराट है अव्वल

बेंगलुरु, 16 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के लगाने में सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन ने सर्वाधिक 24 छक्के लगाये है वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 35 चौके के साथ शीर्ष पर है। आईपीएल के 30 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के छह मैचों में क्लासन ने सबसे अधिक 24 छक्के लगाये है। रॉयल चैलेंजर्स के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 35 चौके लगाकर सबसे आगे चल रहे है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के विराट कोहली 14-14 छक्कों के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर है। चौकों के मामले में विराट कोहली 35 चौकों के सबसे आगे है।

# बटलर के शतक से राजस्थान रॉयल्स ने 224 रन चेज किए



### रोमांचक मुकाबले में कोलकाता को 2 विकेट से हराया, सुनील नारायण का शतक बेकार

ईडन गार्डन्स, 16 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट को 2 विकेट से हरा दिया। जोस बटलर की सेंचुरी की मदद से टीम ने 20 ओवर में 224 रन चेज कर दिए, यह इतिहास के सबसे सक्सेसफुल रन चेज की बराबरी है। इससे पहले ने ही 2020 में पंजाब के खिलाफ 224 का टारगेट चेज किया था। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 223 रन बनाए। सुनील नरेन ने 56 बॉल पर 109 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवर खेलकर 8 विकेट के नुकसान पर 224 रन बना दिए। जोस बटलर ने ने 59 बॉल पर नॉटआउट 107 रन बना दिए।

सुनील नारायण 109 रनों की तूफानी शतकीय पारी की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 31वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 224 रनों का लक्ष्य दिया हैं। आज यहां ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े।

11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसल 13रन बनाकर आउट हुये। सुनील नारायण ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नारायण ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह नौ गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे।

## प्राचीन खेलों की जन्मस्थली यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई

### 26 जुलाई से शुरू होंगे गेम्स, ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू सेरेमनी में मौजूद



पेरिस, 16 अप्रेल। पेरिस ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है। आज से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक प्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया। 1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है। पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था।

## हमें बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत : फाफ डु प्लेसी

मुंबई, 16 अप्रेल। बीते सोमवार को सनराजइर्स हैदराबाद से मिले रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल के मैच में 25 रन से हारी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा कि बल्लेबाजी में कुछ गलतियों को सुधारना जरूरी है। सनराइजर्स ने इसी सत्र में बनाया अपना ही 277 रन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बना डाले। जवाब में आरसीबी सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी।

आरसीबी के कप्तान डु प्लेसी ने कहा ,'' इतने ज्यादा रन इस मैच में बने। विश्व रिकॉर्ड है। मैं नहीं मानता कि 270 रन का लक्ष्य भी आसान होता , यह कठिन ही होता। हमने कुछ चीजें आजमाई जो कारगर नहीं रही।'' उन्होंने कहा,'' खेल इतना तेज रफ्तार हो गया है। हमें बल्लेबाजी में कुछ गलतियों को सुधारना होगा। पावरप्ले के बाद रनगति धीमी होने से रोकना होगा।'' डु प्लेसी ने कहा, '' यह मानसिक जंग भी है तो मानसिक तौर पर हमे तरोताजा रहना होगा। कई बार लगता है कि दिमाग फट जायेगा। फिलहाल हमारे लिये थोड़ा कठिन है।

## सात महीने में चार खिताब, कोलकाता के 'बिग थ्री' की सफलता का बड़ा असर होगा : चौबे

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि कोलकाता के 'बिग थ्री' - मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग - की सफलता का सिर्फ राज्य फुटबॉल पर ही व्यापक प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि इसका देश में खेल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



सात महीने में चार खिताब और 'भारतीय फुटबॉल का मक्का' कहा जाने वाला कोलकाता सोमवार को यहां खचाखच भरे सॉल्ट लेक स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी पर 2-1 की जीत के बाद मोहन बागान के पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की 'लीग विजेता शील्ड' जीतने का जश्न मना रहा है। चौबे ने पीटीआई से कहा, ''आईएसएल शील्ड, आईलीग ट्रॉफी, सुपर कप और डूरंड कप को पश्चिम बंगाल में लाना राज्य में नए जमाने के फुटबॉल और इन क्लबों का फुटबॉल के नए मानदंडों के अनुकूल होने का संकेत है।''

उन्होंने कहा, ''कोलकाता के तीन दिग्गजों को पश्चिम बंगाल, भारत और विश्व स्तर पर प्रशंसकों का भारी समर्थन हासिल है। मुझे यकीन है कि मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की सफलता, और साथ ही मोहम्मडन स्पोर्टिंग के अगले सत्र में आईएसएल में शामिल होने से भारतीय फुटबॉल पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा।'' इसकी शुरुआत मोहन बागान ने पिछले साल तीन सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर 23 साल में अपने पहले डूरंड कप खिताब के साथ सत्र शुरू करके की।

## वेस्ट जर्मनी को 1974 का विश्व कप दिलाने वाले खिलाड़ी बर्नड होलजेनबीन का निधन

फ्रैंकफर्ट, 16 अप्रेल। पश्चिम जर्मनी की 1974 विश्व कप जीत के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ फाइनल में महत्वपूर्ण पेनल्टी दिलाने वाले फुटबॉलर बर्नड होलजेनबीन का सोमवार को निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। होलजेनबीन के पूर्व क्लब एंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उनका सोमवार को निधन हो गया, वह अपने परिवार के साथ थे। हालांकि इसमें इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी गयी है। क्लब ने सोशल मीडिया पर कहा, ''हमारे सबसे महानतम खिलाड़ियों में से एक का निधन हो गया। होलजेनबीन ने पश्चिम जर्मनी के लिए 40 मैच खेले लेकिन उन्हें 1974 में विश्व कप फाइनल में नीदरलैंड पर जीत में निभाई।

राजधानी

# 2014 से पहले आर्थिक उन्नति को लेकर आशाहीन था देश : निर्मला सीतारमण

### 'पिछले दस सालों में पी.एम. मोदी के नेतृत्व में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा'

- 'वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में वृद्धि दर प्रति तिमाही 8 प्रतिशत या उससे ज्यादा रही है'
- सीए फाउंडेशन की ओर से आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन और व्यवसायिक संवाद को किया संबोधित
- प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि, ''ईआरसीपी और पीकेसी लिंक समझौते को लेकर गहलोत ने प्रदेश की जनता को किया गुमराह, भाजपा ने 100 दिन की कार्य योजना में किया समझौता''

**जयपुर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की ओर से आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन और होटल क्लार्क में आयोजित व्यवसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि देश 2014 से पहले आर्थिक उन्नति को लेकर आशाहीन था। पिछले दस सालों में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा है, और निराशा दूर हुई है। देश के हर वर्ग में सकारात्मकता का भाव है। अंतिम तिमाही में अर्थव्यवस्था में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। यह बताता है कि भारत किस गति से ग्रोथ करना चाहता है।

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी आने के बाद हर महीने चार्टर्ड अकाउंटेंट और प्रोफेशनल्स को इंतजार रहता है कि इस महीने जीएसटी का कलेक्शन कितना रहा। उन्होंने कहा कि अभी भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, उसमें भी हमने रिफॉर्म्स और ट्रांसफॉर्म की बात कही है। आपने देखा होगा वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रति तिमाही वृद्धि दर 8 प्रतिशत या उससे ज्यादा रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही तो वहीं चौथी तिमाही में भी इसी लेवल की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2023-24 में औसत वृद्धि दर टिकाऊ आर्थिक वृद्धि दर है। हम अपने ऊपर आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं। जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं। उसी तरह आने वाले सालों में भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीति, व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर टैक्स नीति और सरकार के टेंडर तथा खरीदारी आदि पारदर्शी तरीके से होने की वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था की विदेशों में भी बहुत साख है। आज भारत में निवेशक आ रहे हैं और भविष्य की उम्मीदों के साथ निवेश कर रहे हैं।

वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एक जहां भाजपा के संकल्प पत्र को विकसित भारत 2047 का विजन पत्र बताया वहीं दूसरी ओर पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस पार्टी पर चुनाव के समय वोट के लिए झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने 100 दिन की कार्य योजना पर काम करते हुए ईआरसीपी और पीकेसी लिंक योजना समझौता किया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जल की भारी किल्लत होने के बावजूद इस महत्वपूर्ण योजना को लटकाए रखा। मेरी नजर में अशोक गहलोत पहले ऐसे सीएम है जिन्होंने पानी जैसे महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से नहीं लिया और ईआरसीपी योजना को अटकाने का काम किया।

वहीं भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का इलाज नि:शुल्क देने का वादा किया है। राजस्थान में पीएम सूर्य घर योजना की व्यापक संभावनाएं हैं। इससे जनता को मुफ्त बिजली के साथ ही रूफ टॉप पर सोलर पैनल लगाकर अतिरिक्त आय बढ़ाने का अवसर भी मिलेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अल्का गुर्जर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

# बसपा से जीते दोनों विधायक शिवसेना (शिंदे) में शामिल हुए



**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में दोनों विधायक विधायक न्यांगली और जसवंत गुर्जर सोमवार को मुंबई पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण करवाई।**

- 2008 और 2018 में भी बसपा से जीतकर सभी विधायकों ने थाम लिया था कांग्रेस का हाथ

**जयपुर,** (का.प्र.)। राजस्थान में बसपा का आंकड़ा फिर शून्य हो गया है। 2008 और 2018 की तरह एक बार फिर बसपा से जीतने वाले विधायकों ने दूसरी पार्टी का दामन थाम लिया है। बसपा प्रमुख मायावती की राजस्थान में होने वाली एकमात्र चुनावी सभा से पहले बसपा को लोकसभा चुनाव 2024 से राजस्थान में बड़ा झटका लगा है। इस बार बसपा टिकट पर जीतने वाले दो विधायक मनोज न्यांगली और जसवंत गुर्जर शिवसेना (शिंदे) में शामिल हो गए हैं।

विधायक न्यांगली और जसवंत गुर्जर शिवसेना शिंदे गुट में हुए शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में दोनों विधायक शामिल हुए। दोनों विधायक अचानक सोमवार को मुंबई पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण करवाई।

न्यांगली चूरू संसदीय क्षेत्र की सादुलपुर और जसवंत गुर्जर धौलपुर के बाड़ी से विधायक हैं। इस मौके पर बसपा के राजस्थान प्रमुख लखनसिंह पंवार और शिवसेना पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर न्यांगली ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार में हुए विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने शिवसेना ज्वाइन की। एकनाथ शिंदे ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि भाजपा और शिवसेना के गठबंधन के चलते न्यांगली ने ये बड़ा फैसला लिया है। चूरू लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में न्यांगली प्रचार करेंगे। राजस्थान में मायावती की पार्टी बसपा के दो ही विधायक बचे थे जो कि अब शिवसेना में शामिल हो गए हैं।

इससे पहले 2008 और 2018 में राजस्थान से बसपा से जीते छह विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस दौरान अशोक गहलोत की राजस्थान में सरकार थी। एक साथ जब 6 विधायकों ने बसपा छोड़ी तो बसपा की स्थिति राजस्थान में कमजोर हो गई थी। बुधवार 17 अप्रैल को अलवर में मायावती की सभा होने से पहले उनको बड़ा झटका लगा है।

# दी सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक समेत कई लोगों के ठिकानों पर ए.सी.बी. के छापे

### आरोपी के.के. मीणा के जयपुर आवास से भूखंडों के 131 पट्टे, 740 ग्राम सोना, 3.90 किलो चांदी और 7 लाख रु. के डायमण्ड आभूषण, एक बैंक लॉकर और 5 बैंक खाते मिले हैं

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अलग-अलग टीमों ने मंगलवार को दी सेन्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक के.के.मीणा व अन्य के विरूद्ध दर्ज भ्रष्टाचार के प्रकरण में आरोपियों के जालौर और जयपुर में स्थित तीन विभिन्न ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि, के.के.मीणा तत्कालीन प्रबंध निदेशक दी सेन्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जिला जालौर (हाल निलंबित) द्वारा जसाराम वरिष्ठ प्रबंधक (रिटायर्ड) एवं उनके पुत्र प्रवीण मीणा के मार्फत रिश्वत के रूप में 40 लाख रुपए प्राप्त कर अपने परिचितों के बैंक खातों में ट्रांसफर की है। शिकायत का सत्यापन कर भ्रष्टाचार का मामला बनना पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर सिरोही के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में कई टीमें मंगलवार अलसुबह आरोपियों के जयपुर एवं जालोर स्थित तीन ठिकानों पर दबिश देकर तलाशी ली गई।

तलाशी में आरोपी के.के.मीणा के जयपुर स्थित आवास से आवासीय भूखण्डों के 131 पट्टे, 740 ग्राम सोने के आभूषण, 3.90 किलो ग्राम चांदी एवं 7 लाख रुपए के डायमण्ड आभूषण मिले हैं। इसके अतिरिक्त 1 बैंक लॉकर एवं 5 बैंक खाते भी मिले हैं। संदिग्ध जसाराम वरिष्ठ प्रबंधक (रिटायर्ड) के जालोर स्थित आवास से तलाशी में 52 लाख रुपए की एफडी, 22 तोला स्वर्ण आभूषण, 4 किलो ग्राम चांदी तथा 2 लाख रुपए की नकदी मिली है।

ब्यूरो के प्राथमिक आकलन एवं अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी के के मीणा द्वारा अनेक परिसंपत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी वैध आय से अधिक है। एसीबी की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में एसीबी द्वारा आय से अधिक सम्पतियां अर्जित करने का प्रकरण पृथक से पीसी एक्ट में दर्ज किया गया है।

## देवनानी ने किया निरीक्षण

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को विधायक आवास परिसर का निरीक्षण किया। देवनानी ने बताया कि विधायक आवास परिसर में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। परिसर में डेयरी और डिपार्टमेन्टल स्टोर सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्यवाही शीघ्र आरम्भ की जायेगी। देवनानी ने परिसर में पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परिसर में चिकित्सा व्यवस्थाओं और बैंकिंग सुविधाओं के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिये। विधानसभा अध्यक्ष ने कैमरों के संचालन, मिनी थियेटर, जिम, रेस्टोरेन्ट, अतिथि गृह में भी आवश्यक व्यवस्थाओं में विस्तार किये जाने के लिए कहा। इस मौके पर प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, सम्पदा प्रबंधक पृथ्वी सिंह सहित चिकित्सक व अधिकारी मौजूद थे।

# समर्थन मूल्य योजना में चना, सरसों खरीद की पंजीयन सीमा बढ़ायी

**जयपुर,** (का.सं.)। प्रबन्ध निदेशक, राजफैड़ ने बतलाया कि राज्य में दलहन-तिलहन (चना, सरसों) की खरीद के लिए कृषक पंजीयन की सीमा को 10 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इस निर्णय से चने, सरसों के लिए कुल 68386 किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। बढ़ी हुई पंजीयन सीमा का लाभ किसान दिनांक 18 अप्रेल 2024 से प्राप्त कर सकेगें।

प्रबन्ध निदेशक राजफैड़ एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियॉ द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सरसों खरीद हेतु 14,61,028 मै.टन एवं चना खरीद हेतु 4,52,365 मै.टन के लक्ष्य स्वीकृत किये गये है। आज प्रात: तक राज्य में सरसों के 2 लाख 52 हजार 319 एवं चने के 33 हजार 282 कुल 2 लाख 85 हजार 601 पंजीयन हो चुके है। सरसों विक्रय हेतु 52547 को एवं चना विक्रय हेतु 13877 कुल 66424 किसानों को दिनांक आवंटित की जाकर 20675 किसानों से लगभग 44665 मै.टन सरसों-चना राशि 252 करोड़ रुपये का क्रय किया जा चुका है।

# अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी?

## 27 अप्रैल को राहुल गांधी अमेठी से नामांकन भर सकते हैं। इस सीट के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन होना है

- 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग के साथ ही राहुल गांधी इस सीट के चुनाव प्रचार की जिम्मेदारियों से मुक्त हो जायेंगे।
- अमेठी सीट से भाजपा ने एक बार फिर स्मृति ईरानी को टिकट दे दिया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं। ऐसे में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा।

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी दम खम से जुटी हुई है। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है। कांग्रेस यूपी की 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। अब तक वाराणसी, सीतापुर, इलाहाबाद समेत कई सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। अभी तक कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर पाई है। इन दोनों ही सीट पर उम्मीदवार कौन होगा, इसको लेकर सबकी निगाहें टिकी हुई है। वहीं कांग्रेस के सूत्रों की माने तो 27 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन होना है।

दरअसल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

वायनाड समेत केरल की सभी 20 सीटों पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। कांग्रेस कैंडिडेट राहुल गांधी इस से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। 2019 लोकसभा चुनाव में भी राहुल गांधी ने अमेठी के साथ साथ केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि राहुल गांधी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे, जबकि वायनाड सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। माना जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार भी केरल की वायनाड सीट के साथ ही उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं।

अमेठी सीट से उम्मीदवारी को लेकर हो रही देरी के पीछे वायनाड सीट पर 26 अप्रैल को होने जा रही वोटिंग को भी माना जा रहा है। कांग्रेस का गढ़ होने के कारण अमेठी और रायबरेली सीट पर गांधी परिवार को ही निर्णय लेना है।

सूत्रों की माने तो अमेठी से राहुल गांधी की चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पार्टी नेताओं की भी यही मांग है। हालांकि वायनाड चुनाव में व्यस्त होने के कारण राहुल गांधी की सहमति नहीं मिल पा रही है। वायनाड सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल की माँ की मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें तुरंत भरतपुर के आर.बी.एम. अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ वो आई.सी.यू. में भर्ती हैं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विवेक भारद्वाज ने कहा कि, मुख्यमंत्री की माँ को लम्बे समय से साँस में तकलीफ, ब्लड प्रेशर एवं थायरॉयड की शिकायत रही है।*

# मु.मंत्री भजनलाल शर्मा की मां की अचानक तबीयत खराब

- आर.बी.एम. अस्पताल के आई.सी.यू. में भर्ती किया।
- वरिष्ठ फिज़ीशियन डॉ. विवेक भारद्वाज की टीम मुख्यमंत्री की मां की देखरेख कर रही है।
- मुख्यमंत्री के माता-पिता भरतपुर के जवाहर नगर में रहते हैं। उनकी मां को सांस लेने में तकलीफ के साथ रक्तचाप व थॉयरॉइड की भी समस्या है।

भरतपुर, 16 अप्रेल (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मां की अचानक तबियत खराब होने पर उन्हें भरतपुर के आर.बी.एम. अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मु.मंत्री की मां गोमती देवी को सांस लेने में तकलीफ बताई गई है। सीनियर चिकित्सकों की टीम, वरिष्ठ फिज़ीशियन डॉ. विवेक भारद्वाज की देख रेख में मुख्यमंत्री की मां की देखभाल कर रही है।

फिलहाल वे अस्पताल के आई.सी.यू. में भर्ती हैं।

अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र भदौरिया एवं वरिष्ठ फिज़ीशियन डॉ. विवेक भारद्वाज ने बताया कि, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मां को लम्बे समय से सांस, ब्लड प्रेशर एवं थायराइड की परेशानी रही है। उन्हें बुखार एवं सांस लेने में परेशानी होने पर राजकीय आर.बी.एम. अस्पताल के आई.सी.यू. वॉर्ड में भर्ती किया गया है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मां गोमती देवी एवं पिता किशन स्वरूप शर्मा भरतपुर में जवाहर नगर कॉलोनी में रहते हैं।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा लोकसभा चुनाव को लेकर दो दिन पहले भरतपुर के दौरे पर आए थे और सोमवार को भरतपुर के बाजार में भाजपा उम्मीदवार रामस्वरूप कोली के समर्थन में रोड शो करने के बाद जयपुर चले गए थे।

## 'के.सी.आर. ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अपनी पुत्री को रिहा करवाने के बदले में तेलंगाना में 5 सीटें जितवाने में भाजपा की मदद करेंगे। उनकी पुत्री कविता दिल्ली शराब घोटाले में फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

रेड्डी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बी.आर.एस. और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच एक डील हुई है, जिसके तहत राव अपनी पुत्री की रिहाई को लेकर भाजपा के लिए तेलंगाना की पाँच लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करेंगे।

इसीलिए, रेड्डी ने जिन पाँच सीटों का नाम लिया, वहाँ बी.आर.एस. नेताओं की चुनाव प्रचार से अनुपस्थिति सुस्पष्ट थी।

वास्तव में ये लोग पर्दे के पीछे गुप्त रूप से भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रचार कर रहे हैं।

रैवन्त रेड्डी ने कहा कि "हमने विधानसभा चुनाव में गडवाल में यादव समुदाय की सरिता थिरूपथियाह को मैदान में उतारा था, लेकिन भाजपा नेता डी.के. अरूणा ने बी.आर.एस. से मिलीभगत कर बी.आर.एस. के रेड्डी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित की और अब बी.आर.एस. पाँच लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए जी-तोड़ प्रयास कर रही है, यदि सरिता जीत जाती तो आज मंत्री होती।

# डॉ. पूनिया चार दिन जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र में प्रवास करेंगे

## डॉ. सतीश पूनिया ने 21 अप्रैल को प्र.मंत्री की जनसभा की तैयारियां देखीं

- पूनिया ने सभा की तैयारियों के संबंध में कोर कमेटी की बैठक ली और सभास्थल जाकर तैयारियों का जायजा लिया।
- इसी बीच, 18 अप्रैल को डॉ. पूनिया बांसवाड़ा जाएंगे प्रचार के लिए और 19 को जयपुर में मतदान के बाद पुनः भीनमाल पहुंचेंगे।

जयपुर, 16 अप्रैल (का.सं.)। भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी एवं राजस्थान में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का आज, 16 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक राजस्थान के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का कार्यक्रम है।

अपने सात दिवसीय राजस्थान प्रवास में डॉ. पूनिया जालोर-सिरोही, बांसवाड़ा और बाड़मेर लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21 अप्रैल को भीनमाल (जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र) में आयोजित होने वाली आमसभा की तैयारियों को लेकर डॉ. सतीश पूनिया ने आज भीनमाल में जालौर -सिरोही लोकसभा क्षेत्र की कोर कमेटी की बैठक ली तथा मोदी की आमसभा को ऐतिहासिक बनाने के बारे में चर्चा की।

बैठक में सांसद देवजी पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला अध्यक्ष श्रवण राव, सुरेश कोठारी, पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, जगसीराम कोली, पूराराम चौधरी सहित पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री की आमसभा को लेकर डॉ. पूनिया 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे भीनमाल में जालोर- सिरोही लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

डॉ. पूनिया 18 अप्रेल को बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। फिर 19 अप्रैल को जयपुर में मतदान कर भीनमाल के लिये प्रस्थान करेंगे, जहां वे 19 व 20 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मैराथन बैठकें लेकर रणनीति पर चर्चा करेंगे।

21 अप्रैल को डॉ. पूनिया भीनमाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा में शामिल होंगे, इसके बाद 22 अप्रैल को बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

## 'आयरलैण्ड में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हूँ, यह राजदूत एक "करियर डिप्लोमेट" है और इस कारणवश इसकी टिप्पणियाँ और भी ज्यादा शर्मनाक, अशोभनीय और अस्वीकारणीय हैं। उसने सेवा नियमों को तोड़ा है और उसे तुरन्त नौकरी से निकाल देना चाहिए।"

राजदूत की टिप्पणियों पर अफसोस जताते हुए कांग्रेस नेता ने आलोचना को "मोदी सरकार के प्रचलित तौर-तरीकों का अंग" बताया।

सोशल मीडिया एक्स पर राजदूत के प्रत्युत्तर को शेयर करते हुए आयरलैंड के भारतीय दूतावास ने कहा कि, "यह प्रत्युत्तर, आईरिश टाइम्स में छपे एक पक्षपाती और पूर्वाग्रही संपादकीय आलेख के जवाब में दिया गया था। आईरिश टाइम्स में छपा आलेख "मोदी टाइटन्स हिज़ ग्रिप" (मोदी ने और ज्यादा नियंत्रण किया) नामक एक संपादकीय लेख ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय प्रजातंत्र, लॉ एनफॉर्समैंट संस्थाओं और भारत के हिन्दू बहुसंख्यकों को अपमानित किया गया था।"

## लखनऊ के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अभ्यर्थियों के नाम हैं। सफल अभ्यर्थियों में 347 सामान्य वर्ग के, 115 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के, 303 अन्य पिछड़ा वर्ग, 165 अनुसूचित जाति और 86 अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बैलट पेपर से मतदान के पक्ष ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सामान्यतया कोई मानवीय दखल नहीं होता है इसलिए वह आपको सटीक परिणाम देगी। हां, समस्या तब उत्पन्न होती है जब मशीन में मानवीय हस्तक्षेप होता है अथवा इसमें अनाधिकृत रूप से बदलाव किए जाते हैं जब वो सॉफ्टवेयर या मशीन के इर्दगिर्द होते हैं। यदि इसके खिलाफ आपके पास कोई सुझाव है तो आप हमें दे सकते हैं।"

बैंच की इसके समय को लेकर अपनी कुछ मन्तव्य कि इसमें काफी समय लगेगा, जब भूषण ने कहा कि ई.वी.एम.के माध्यम से मतदान की वर्तमान प्रणाली के तहत मतदाता को वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रैल (वी.वी.पी.ए.टी.) के द्वारा सृजित स्लीप को देखने की इजाज़त मिलनी चाहिए ताकि मतदाता को यह सुनिश्चित हो सके कि उसने जो वोट डाला उसका इंद्राज सही तरीके से हो गया है और यह उस स्लिप के संलग्न बाक्स में गिरने से पहले सुनिश्चित हो।

बैंच भूषण की इन दलीलों से प्रभावित नहीं हुई, प्रतीत हुई कि यूरोपीय राष्ट्र जैसे जर्मनी जहां पर पहले ई.वी.एम. का उपयोग किया गया था वह वापस बैल्ट पेपर से वोटिंग पर वापस लौट गया है। जस्टिस खन्ना ने इस ओर ध्यान खिंचा कि जर्मनी में लगभग 5 से 6 करोड़ कुल मतदाता है जबकि भारत में लगभग 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता है। न्यायाधीश दत्ता ने भी कहा कि, "मेरे गृह राज्य पश्चिम बंगाल की ही बात करें तो उसकी भी जनसंख्या जर्मनी से काफी अधिक है। हमें पुन: किसी में भरोसा व विश्वास पुर्नस्थापित करना होगा। इस तरह से इस प्रचलित प्रक्रिया को नीचे गिराने की कोशिश नहीं करें।"

एक याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने जब यह उल्लेख किया कि वर्ष 2019 में डाले गए वोटों की गिनती में विसंगति पाई गई थी जिनकी कुछ स्थानों पर गिनती की गई थी, इस पर न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि जब आप हाथों से गिनती करते हैं तो गिनती में संख्या भिन्न आती है।

शंकरनारायण ने कहा कि इस मामले पर गठित संसदीय समिति ने इस विसंगति का संज्ञान लिया था, परन्तु पिछले चार वर्षों से अब चुनाव आयोग ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया है।

जब बैंच ने कहा कि मुकाबले में जो प्रत्याशी हैं उन्हें मालूम होना चाहिए कि कितने वोट पड़े हैं और गणना के बाद कितने वोटों की संख्या कितनी है तो गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि वे प्रत्याशी के लिए नहीं बल्कि मतदाता के लिए आए हैं क्योंकि उसे यह जानने का मूल अधिकार है कि क्या उसने जहां वोट दिया था उसका वोट वहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि वोटर अगर ऐसी कोई पूछताछ करता है तो इसे दण्डनीय अपराध माना जाता है और अगर गलत निकला तो 6 माह की कैद व जुर्माना या दोनों हो सकता है।

सुनवाई के दौरान बैंच ने चुनाव आयोग से कई सवाल किया क्या मतदान केन्द्रों पर सी.सी. टी वी कैमरा लगाए जाएंगे। आयोग ने बैंच को बताया कि 50 प्रतिशत बूथ पर सी.सी. टी वी कैमरा लगाए गए हैं।

बैंच ने यह भी पूछा कि क्या उन अधिकारियों पर कार्यवाही करने का कोई कानून है जो ई.वी.एम.में गड़बड़ करते हैं क्योंकि अगर कड़े दंड का डर नहीं होगा तो गड़बड़ी करने की संभावना बनी रहेगी। आयोग के वकील मनिंदर सिंह ने बैंच से कहा, मान लीजिए कोई गड़बड़ी हुई है तो क्या दंड निर्धारित है। यह गंभीर बात है। डर तो होना ही चाहिए कि यदि कुछ गलत हुआ है तो सजा मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स व अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें ई.वी.एम. डेटा और वी.वी.पी.ए.टी. डेटा को क्रॉस चैक करने की मांग की गई थी। अभी देश के मात्र दो प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर ही ऐसा होता है।

सुनवाई 2 घंटा चली और अगली सुनवाई गुरूवार 18 अप्रैल को होगी।

## सुरजेवाला ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

48 घंटे तक किसी प्रकार की सार्वजनिक सभा आयोजन नहीं करने, जुलूस, आम रैली, रोड शो नहीं करने, साक्षात्कार नहीं देने, (मीडिया इलैक्ट्रोनिक प्रिंट, सोशल मीडिया) में भी सार्वजनिक बयानबाजी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 29 नक्सलियों की मौत

## कांकेर के जंगलों में तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरु कर दी

रायपुर, 16 अप्रेल। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ एक अभूतपूर्व ऑपरेशन को अंजाम दिया। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि कांकेर जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हापाटोला गांव के जंगल में एक तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान नक्सलियों की ओर से हमला किया गया जिसके जवाब में अंजाम दी गई कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि सुरक्षाबलों को एक तगड़ा खुफिया इनपुट मिला था कि उत्तरी बस्तर डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य माओवादी माओवादियों के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के आसपास मौजूद हैं। इस खुफिया जानकारी के बाद छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में बीएसएफ और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की संयुक्त टीम एक्टिव हुई। यह टीम तलाशी अभियान पर रवाना हुई।

यह टीम मंगलवार को दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में बेहद सधे कदमों से आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसमें 29 नक्सली मारे गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल से 29 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। नक्सलियों के पास से एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूकों समेत भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किए गए हैं।

बताया जाता है कि मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हुए हैं। हालांकि जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। गौर करने वाली बात यह कि चुनावी माहौल को देखते हुए नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में बड़ी संख्या में बीएसएफ के जवानों की तैनाती की गई थी। बताया जाता है कि ऑपरेशन में बीएसएफ और डीआरजी के बीच तगड़ा कोऑर्डिनेशन देखने को मिला। यह भी माना जा रहा है कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षाबलों के बीच इस तरह का तगड़ा तालमेल बेहद कारगर साबित होगा।

गौरतलब है कि यह घटनाक्रम छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंस से कुछ दिन पहले आया है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को पहले चरण के तहत वोट डाले जाएंगे। कांकेर में 26 अप्रैल को दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव और महासमुंद के साथ मतदान होगा।

दिसंबर 2023 से कांकेर समेत सात जिलों वाले बस्तर रीजन में सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में अब तक 68 नक्सली ढेर हो चुके हैं। सनद रहे हाल ही में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खात्मे की डेड लाइन दी थी।

# पायलट ने मुरारीलाल मीणा के लिए चाकसू में रोड शो किया

## रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी, "सचिन आई लव यू" के नारे से लोगों ने आसमान गुंजाया

- लोग पायलट की एक झलक पाने को बेताब नज़र आए, जनता ने पायलट पर जमकर पुष्प वर्षा की।
- खुली जीप में पायलट के साथ दौसा के कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा, पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी व अन्य नेता नज़र आए।
- पायलट ने जयपुर के खो नागोरियान में जयपुर शहर के प्रत्याशी प्रतापसिंह खाचरियावास के पक्ष में भी जनसभा की और जनता से उन्हें जिताने की अपील की।
- सभा में विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, पूर्व विधायक गंगा देवी, सांगानेर के प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज सहित कई नेताओं ने शिरकत की।

चाकसू, 16 अप्रेल (निसं)। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने मंगलवार को कांग्रेस के दौसा लोकसभा प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा के समर्थन में चाकसू कस्बे में रोड शो किया। रोड शो महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पर ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के माल्यार्पण एवं स्वागत सत्कार के साथ शुरू हुआ और टोंक रोड होते हुए अंबेडकर सर्किल से प्रधान कार्यालय पर जाकर खत्म हुआ।

तय समय से 2 घंटे देर से पहुंचने के बाद भी लोगों में पायलट के प्रति भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने जब पायलट पर फूल बरसाए तो पायलट ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। पायलट ने जब हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया तो जनता ने "सचिन पायलट आई लव यू" के नारे लगाए।

पायलट के स्वागत के लिए रोड शो से पहले पूरे रास्ते पर कांग्रेस के पोस्टर, बैनर लगाए गए एवं जगह-जगह स्वागत द्वार तथा मंच बनाए गए, जिन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लोग पायलट की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे और जगह जगह उनपर फूलों की बारिश की गई। सचिन पायलट के साथ खुली जीप में पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, कांग्रेस नेता शिवप्रताप हरसाना, पालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जयपुर से कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास के समर्थन में जगतपुरा के खो नागोरीयान में हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि, पूरे देश में माहौल बदल रहा है, महंगाई बेरोजगारी गरीबी के मुद्दे पर लोग कांग्रेस के साथ खड़े हो गए हैं, ऐसे में यदि राजस्थान की राजधानी से कांग्रेस उम्मीदवार जीतता है, तो देश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है।

पायलट ने कहा कि, हम लोगों ने सामूहिक रूप से यह फैसला किया कि प्रताप सिंह खाचरियावास को जयपुर से लोकसभा का चुनाव लड़वाया जाए। उन्होंने कहा कि, प्रताप सिंह खाचरियावास की जीत सचिन पायलट सहित पूरी पार्टी की जीत होगी, जीत में हम सब की भागीदारी है। इस वक्त देश लोकसभा में प्रताप सिंह खाचरियावास जैसे जनता से जुड़े नेताओं को देखना चाहता है। प्रताप सिंह खाचरियावास जीतेंगे तो जयपुर का मान सम्मान बढ़ेगा, जयपुर का मतदाता समझदार है। भाजपा की उम्मीदवार को ना तो जनता जानती है और ना ही उनका जयपुर की जनता से कोई जुड़ाव है और ना ही उनका कोई जयपुर में किसी प्रकार का योगदान है।ऐसे में प्रताप सिंह खाचरियावास की जीत से राजस्थान और देश को फायदा होगा।

पायलट ने कहा कि, "400 पार" का भाजपा का नारा फेल हो रहा है, जयपुर सहित राजस्थान में 15 सीटों पर कांग्रेस आगे चल रही है, हम निश्चित रूप से भाजपा से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे हैं। पायलट ने लोगों से प्रताप सिंह खाचरियावास को जिताने की अपील करते हुए कहा कि, आप सब मिलकर 19 अप्रैल को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें।

इस अवसर पर विधायक रफीक खान, अमीन कागज़ी, गंगा देवी, अर्चना शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज आदि ने भी सभा को संबोधित किया। आज की सभा में हजारों की तादाद में नागरिकों के साथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वॉर्ड अध्यक्ष, पार्षद, एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार को चाकसू में कांग्रेस उम्मीदवार मुरारी लाल मीणा के समर्थन में रोड शो किया। करीब एक किलोमीटर के इस रोड शो के दौरान लोगों में पायलट के प्रति भारी उत्साह देखा गया, लोगों ने जगह-जगह फूल बरसाकर पायलट का स्वागत किया। पायलट ने भी उत्साहित भीड़ का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस अवसर पर पायलट के साथ पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी एवं पालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा सहित कई नेता मौजूद थे।*

**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908